इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -173 राजनांदगांव, शुक्रवार 10 मई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी, 12वीं 80.74 प्रतिशत और 10वीं 75.64 प्रतिशत रहा रिजल्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज गुरुवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारी कर दिये हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 75.61 प्रतिशत और हायर सेकंडरी परीक्षा में 80.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे।

कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के टॉप -10 में कुल 59 विद्यार्थी और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में 20 विद्यार्थी हैं। दसवी बोर्ड परीक्षा के मैरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जशपुर की सिमरन सब्बा ने 99.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल कोपरा जिला गरियाबंद की होनिशा ने 98.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा के मैरिट लिस्ट में इवास वूडलैंड अंग्रेजी माध्यम हायर सेकंडरी स्कूल सराईपाली जिला की महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत गुरु घासीदास शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिला बलौदा-बाजार की कोपल अम्बष्ट ने 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

129 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गये

विभिन्न कारणों से 129 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गये, जिसमें 31 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण, 96 परीक्षार्थी पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किये गये हैं और 02 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में 3 लाख 23 हजार 625 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इनमें परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 79.96 था। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.78 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

2239 छात्रों को बोनस अंक

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शैक्षणेत्तर गतिविधियों में हाईस्कूल परीक्षा 2024 में 1108 एवं हायर सेकण्डरी 2024 में 1131 सहित कुल 2239 छात्रों को बोनस अंक दिये गये हैं। मण्डल के लिए गए निर्णय अनुसार प्रावीण्य सूची में शैक्षणेत्तर गतिविधियों के अंक नहीं जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। अतः इस वर्ष बोनस अंक को छोड़कर अस्थाई प्रावीण्य सूची तैयार की गई है।

2 लाख 57 हजार 72 छात्र उत्तीर्ण

माशिमं की अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है, इसे ध्यान रखते हुये जो परीक्षार्थी असफल हुए हैं, वे निराश न हो। दोबारा अच्छी प?ाई करके परीक्षा में शामिल हो, सफलता जरूर मिलेगी। छत्तीसग? माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

वैजयंती माला, कैप्टन विजयकांत सहित 67 हस्ती पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुप्रसिद्ध अभिनेत्री वैजयंती माला बाली सहित 67 हस्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए बृहस्पतिवार को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में दो हस्तियों को पद्म विभूषण , नौ को पद्म भूषण और 56 को पद्म श्री पुरस्कारों से सम्मानित किया।

डा वैजयंती माला बाली और के चिरंजीवी को कला के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी (मरणोपरांत), होरमसजी एन कामा, डा अश्विन बालाचंद मेहता , श्री सत्य व्रत मुखर्जी (मरणोपरांत), श्री ओ राजगोपाल और कैप्टन विजयकांत (मरणोपरांत) सहित नौ हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 56 हस्तियों को अपने अपने क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डा एस जयशंकर, अन्य केन्द्रीय मंत्री तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

कांतिलाल भूरिया ने कहा- दो पत्नी वालों को देगी दो लाख रुपये देगी कांग्रेस सरकार

रतलाम। रतलाम लोकसभा सीट की सैलाना विधानसभा में आमसभा को संबोधित करने के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया ने बड़ा बयान दे दिया। कांग्रेस के घोषणापत्र की खूबियां गिनाते हुए भूरिया ने कहा कि कांग्रेस हर महिला को एक लाख रुपये सालाना देगी। जिसकी दो पत्नियां होगी, उसे दो लाख रुपये सालाना मिलेंगे। इस बयान के बाद अब विवाद होने लगा है। भाजपा ने भी भूरिया के बयान को मुद्दा बनाया है।

गुरुवार को आयोजित आमसभा में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी मौजूद थे। पटवारी ने भूरिया के बयान पर कहा कि आपके भावी सांसद ने भयंकर घोषणा कर दी है। जिसकी दो पत्नी है, उसे डबल। चुनावी रणनीति में भाजपा ने इस बयान को अल्पसंख्यकों से जोड़ दिया है। बयान का वीडियो भी फेसबुक, वाट्सएप पर प्रसारित हो गया।

महादेव सट्टा ऐप..छत्तीसगढ़ में 29 जगहों पर ईओडब्ल्यू की रेड : रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, बलौदाबाजार, कांकेर में कार्रवाई

रायपुर। ईओडब्ल्यू/एसीबी ने आज महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में छत्तीसग? में 29 ठिकानों पर छापा मारा. दुर्ग में 18, रायपुर में 7, बलौदाबाजर में 2, रायगढ़ में 1 और कांकेर में 1 जगह छापामार कार्रवाई की गई. ईओडब्ल्यू के मुताबिक, छापे में महादेव सट्टा ऐप से संबंधित दस्तावेज, हवाला संबंधी पर्चियां और बैंक संबंधित कागजात समेत बड़ी मात्रा में संदेहास्पद दस्तावेज मिला है.

फरार कॉन्स्टेबल अर्जुन सिंह पचमढ़ी से गिरफ्तार

महादेव सट्टा एप ममाले पर हो रही कार्रवाई को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, छत्तीसग? में अनेक मामले चल रहे हैं. सबकी जांच हो रही है. जो भी दोषी है सभी पर सख्ती से कार्रवाई होगी. भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रहे हैं.

ईओडब्ल्यू ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि महादेव एप मामले में राज्य के 29 जगहों में छापा मारा गया. ब्यूरो की टीमों ने आज तड़के दुर्ग में 18 स्थानों पर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

अर्जुन सिंह पचमड़ी से गिरफ्तार, अमित अग्रवाल की बढ़ी रिमांड

ईओडब्ल्यू ने बताया, लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अर्जुन सिंह यादव को पचमढ़ी में लोकेट कर पूछताछ के लिए ब्यूरो लाया गया, जिसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया. इस आरोपी से जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का परीक्षण किया जा रहा है. इसी मामले में आज 03 आरोपियों चन्द्रभूषण वर्मा, सतीश चन्द्राकर एवं सुनील दम्मानी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया. इस मामले में ही गिरफ्तार आरोपी अमित अग्रवाल को भी आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां 14 मई तक के लिए उनकी पुलिस रिमांड बढ़ाई गई.

चार जून को जनता के अच्छे दिन आएंगे, मोदी जी जाएंगे-गोपाल राय

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि जब चार जून को चुनाव के परिणाम आएंगे तब देश की जनता के अच्छे दिन आएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाएंगे।

गोपाल राय ने गुरुवार को नयी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मालवीय नगर विधानसभा में 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत संकल्प सभा में कहा कि चार जून को चुनाव के परिणाम आएंगे। उस दिन देश की जनता के अच्छे दिन आएंगे और श्री मोदी जाएंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फर्जी मामले में जेल में डालकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने खुद दिल्ली में अपनी हार सुनिश्चित कर दी है। दिल्लीवालों ने श्री केजरीवाल को मुख्यमंत्री चुना है। उनके जेल जाने के बाद दिल्ली की जनता खुद चुनाव लड़ रही है और भाजपा को जेल का जवाब वोट से देगी।

उन्होंने कहा कि देश में तीन चरणों के चुनाव हो चुके हैं। पूरे देश से खबर आ रही है कि इस बार पूरा देश कह रहा है कि अच्छे दिन आने वाले हैं और श्री मोदी इस लोकसभा चुनाव से जाने वाले हैं। देश का नौजवान सड़कों पर अपनी डिग्रियां लिए घूम रहा है और पूछ रहा है दो करोड़ रोजगार के वादे का क्या हुआ। देश में महंगाई क्यों बड़ रही है, मणिपुर में महिलाओं के साथ अत्याचार क्यों हुआ, देश के अन्नदाता किसान के लिए कीले क्यों बिछाई गई। एक तरफ भाजपा के नेता अबकी बार 400 पार का नारा लगा रहे हैं तो दूसरी तरफ देश की जनता अबकी बार भाजपा की हार का नारा लगा रही है।

आप नेता ने कहा कि पूरे देश से खबर आ रही है कि भाजपा तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में हार रही है। पूरे देश से भाजपा के हार के संकेत मिल रहे हैं। जितना हार की खबर आती है, उतना ही भाजपा वाले बौखलाहट में कुछ भी बोलते जा रहे हैं। उनको समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें।

उन्होंने कहा कि भाजपा की तानाशाह सरकार जो करना चाह रही है, वह देश बर्दाश्त नहीं करेगा। यह चुनाव प्रधानमंत्री, मंत्री और सांसद बनाने का चुनाव नहीं, बल्कि इस देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। 25 मई को अगर आपने कोई गलती की, 4 जून को परिणाम आने के बाद अगर भाजपा गलती से भी 400 पार हो गई तो इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होगा।

आज खुलेंगे कपाट...20 क्विंटल फूलों से सजा मंदिर, जमकर झूमे डोली संग पहुचे हजारों श्रद्धालु

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह शुभ लग्न पर सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मंदिर को बीस कुंतल फूलों से सजाया गया है। देर शाम तक केदारनाथ में 16 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जबकि अभी भी पैदल रास्ते पर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है। वहीं, कपाट खुलने के मौके पर सीएम धामी भी धाम में मौजूद रहेंगे।

बृहस्पतिवार को सुबह सात बजे गौरीकुंड में मां गौरी माई मंदिर में भगवान केदारनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पुजारी शिव शंकर लिंग ने बाबा केदार का अभिषेक कर मां गौरी के साथ आरती उतारी।

सुबह 8.47 बजे सेना की बैंड धुनों व भक्तों के जयकारों के बीच बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली ने अपने धाम के लिए प्रस्थान किया। चीरबासा, जंगलचट्टी, भीमबली, रामाबाडा, लिनचौली, छानी कैंप होते हुए बाबा केदार की डोली दोपहर बाद अपने धाम पहुंची।

इधर बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि देर शाम तक छह हजार से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंच चुके हैं। इधर गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर अब भी श्रद्धालुओं के धाम पहुंचने का सिलसिला जारी है। ऐसे में कपाट खुलने के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

नफरत नहीं, नौकरी चुनो, चौथे चरण के चुनाव से पहले राहुल गांधी का पीएम मोदी पर कड़ा प्रहार, बोले-15 अगस्त तक 30 लाख नौकरी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि 4 जून को उनकी यानी इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। राहुल गांधी का कहना है कि देश में फिलहाल बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है, इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर वह 15 अगस्त तक 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। उन्होंने गुरुवार को देश के युवाओं ने नाम एक वीडियो संदेश में यह बातें कही। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के हाथ से चुनाव निकल रहा है, वे स्लीप कर रहे हैं और वह हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे।

आपका ध्यान भटकना नहीं चाहिए

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा निर्णय ले लिया है कि अगले चार-पांच दिनों में आपके ध्यान को भटकाना है। इसके लिए कुछ न कुछ करना है, लेकिन, आपका ध्यान भटकना नहीं चाहिए। बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। लेकिन, झूठ बोला, नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की। राहुल गांधी ने कहा, ÷4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना।

इंडिया की सुनो, नफ़रत नहीं, नौकरी चुनो। राहुल ने कहा कि हम भर्ती भरोसा स्कीम ला रहे हैं। 15 अगस्त तक हमारी इस भर्ती भरोसा स्कीम में 30 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरण का मतदान पूरा हो चुका है।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

फर्जी डीएसपी ने दुष्कर्म पीड़िता के खिलाफ ही दर्ज किया धोखाधड़ी का झूठा केस, कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

रायपुर। तीन वर्ष पूर्व रायपुर में खुद को डीएसपी बताकर विवाहित महिला से दुष्कर्म करने के आरोपित पियूष तिवारी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। आरोपित ने पीड़ित महिला पर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाने उसके पति, पिता और भाई के खिलाफ चार सौ बीसी का केस दर्ज करवाकर जेल भिजवाया था।

विशेष लोक अभियोजक नीलेश ठाकुर ने बताया कि बिलासपुर जिले की रहने वाली अनुसूचित जनजाति की विवाहित महिला ने सिटी कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2018 से 12 दिसंबर 2019 के बीच न्यू कालोनी टिकरापारा निवासी आरोपित पियूष तिवारी (35) ने खुद को अविवाहित और डीएसपी बताकर शादी करने का झांसा देकर आइवीवाय होटल राजेंद्र नगर के रूम नंबर 202 के अलावा अन्य स्थानों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता को पता चला कि आरोपित न तो डीएसपी है और न ही अविवाहित है तब उसने संबंध खत्म कर लिया। आरोपित ने महिला को धमकी दी कि उसका भाई पुलिस विभाग में निरीक्षक है और वह उसे किसी भी केस में फंसवा सकता है। तब पीड़िता अपने घर चली गई और वर्ष 2018 में इंदौर में शादी कर ली। शादी का पता चलने पर पियूष ने कुम्हारी पुलिस थाने में धोखाधड़ी का झूठा केस दर्ज कराकर उसे, उसके पिता, भाई और पति को गिरफ्तार करवाकर जेल भिजवा दिया था। बाद में आरोपित ने पीड़िता को केस वापस लेकर राजीनामा करने की बात कही, लेकिन खुद का केस वापस नहीं लिया। आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेजने के साथ ही आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में पेश किया। न्यायाधीश ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए ठोस सुबूत, गवाहों के बयान के आधार पर आरोपित को दोषी ठहराते हुए अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में आजीवन कारावास के साथ एक हजार रुपये अर्थदंड, धारा 376 (2)(के) और 376 (2)(एन) में दस-दस वर्ष कठोर कारावास, एक-एक हजार रुपये अर्थदंड, धारा 342 में छह माह,पांच सौ रुपये अर्थदंड, धारा 506 (2) में एक वर्ष कठोर कारावास और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया।

सहकारी समिति से किसानों को कृषि कार्य के लिये पूर्व की तरह प्रति एकड़ 26,000 रु. दिया जाये- धनंजय सिंह ठाकुर

रायपुर (दावा)। भाजपा सरकार के द्वारा सहकारी समितियों को इस वर्ष किसानों को फसल लगाने प्रति एकड़ मात्र 10500 रु मात्र देने के आदेश को किसान विरोधी कदम बताते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता दुर्ग संभाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र प्रभारी धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 3 महीने में ही भाजपा के किसान हितैषी होने का मुखौटा उतर गया है, भाजपा की सरकार किसानों को मदद करना नहीं चाहती है। कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों को फसल लगाते वक्त केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से सहकारी समितियां से प्रति एकड़ कृषि कार्य के लिए 20,000 नगद एवं 6,000 रु खाद बीज के लिए अतिरिक्त दिया था, उसे भाजपा सरकार ने कटौती करते हुए प्रति एकड़ मात्र 10,500 रु. देने का आदेश दिया है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार से इस आदेश को वापस लेने और पूर्व की तरह ही किसानों को 26,000 रुपए प्रति एकड़ देने की मांग करती है।

भाजपा सरकार का सहकारी समिति को किसानों को प्रति एकड़ मात्र 10,500 रु. देने का आदेश किसान विरोधी

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार जिन्होंने 21 क्विंटल धान 3100 रुपए के भाव में खरीदने की घोषणा की है, एक ही बार धान खरीदने में उनके हाथ पांव फूलने लगे हैं इसलिए कि सान ज्यादा फसल उत्पादन ना कर सके। उन्हें आर्थिक रूप से परेशान कर रही है, किसानों को अगर सही समय पर आर्थिक मदद मिल जाती है तो किसान निश्चिंत होकर खेती किसानी में जुट जाते हैं और अच्छा उत्पादन करके आर्थिक रूप से सक्षम बनते हैं।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि अब भाजपा के नेता भी कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों के हित में शुरू किए गए योजनाओं को फिर से शुरू करने की मांग कर रहे हैं और अपने ही सरकार को आंदोलन करने की चेतावनी दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

जिले में बोर्ड परीक्षा में वंशिका साहू ने किया टाप

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल का अंततः 9 मई गुरूवार को परिणाम घोषित कर ही दिया गया। इसमें 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड के पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के नतीजे जारी किए गए। इसमें पूरे छत्तीसगढ़ में जशपुर की सिमरन शबा ने 99.50 अंक पाकर टाप किया वही महेक अग्रवाल व महासमुद की महक अग्रवाल द्वितीय रही।

राजनांदगांव जिले में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम की 10 वीं की छात्रा वंशिका साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षामंडल की परीक्षा में बेटियों द्वारा जोरदार प्रदर्शन किए जाने से गदगद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बता दे कि जिले के वनांचल ग्राम छुरिया की वंशिका तोरण लाल साहू व श्रीमती संगीता साहू की सुपुत्री है। सुश्री वंशिका ने पूरे छत्तीसगढ़ में 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में छठवा स्थान प्राप्त किया है। वंशिका के इस सुयश पर उनके माता-पिता तो खुश है ही इष्ट मित्रों व परिजनों सहित उनके शुभचिंतकों ने वंशिका की इस उपलब्धि के लिए उनके माता-पिता एवं गुरूजनों सहित मेधावी छात्रा वंशिका को नित नए आयाम छुने की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

श्रेता साहू ने पाया सुयश



बता दे कि शहर के स्टेट स्कूल में पढ़ने वाली कु. त्रेता साहू ने बारहवी बोर्ड के कामर्स संकाय में 91 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान बनाया है वही स्टेट हाई स्कूल की छात्रा किर्तीवर्धन ने दसवी में 93 फीसदी अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी तरह बारहवी में 92.6 फीसदी अंक पाकर प्रगति पंसारी ने टाप का सुयश अर्जित किया है।

स्टेट हाई स्कूल के बोर्ड परीक्षा केन्द्र के सह. समन्वयक एस.के. तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल के गत दिनों सम्पन्न 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में स्कूल में दर्ज 134 विद्यार्थियों में से 134 ने ही प्रविष्ठ किया था। इनमें से 39 छात्र प्रथम एवं 37 द्वितीय तथा 11 छात्र तृतीय रहे। इसमें 12 विद्यार्थियों को पूरक प्राप्त हुआ व 35 विद्यार्थी अनुतीर्ण रहे। कुल 67 प्रतिशत रहा।

○ दसवी कक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ी में रहा छठवां स्थान
○ त्रेता साहू ने 12 वीं में कामर्स संकाय में किया प्रथम स्थान प्राप्त
○ किर्तीवर्धन ने दसवीं में स्टेट स्कूल में प्रथम.... वही 12 वीं में प्रगति पंसारी ने पाया प्रथम स्थान
○ बेटियों के इस प्रदर्शन पर सीएम साय हुए गदगद दी बधाई एवं शुभकामनाएं

इसी तरह बारहवी में कला संकाय में 44 विद्यार्थी दर्ज थे जिनमें से 42 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। इनमें से 7 प्रथम, 10 द्वितीय व 9 तृत्तीय स्थान पर रहे। 12 विद्यार्थी पूरक आए व 4 विद्यार्थी फेल हुए। गणित में 19 के 19 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। जिसमें से 9 प्रथम, 7 द्वितीय रहे पूरक एक को मिला वही 2 छात्र अनुर्तीण रहे।

जीव संकाय में 36 के 36 छात्र परीक्षा में बैठे इसमें से 17 प्रथम, 15 द्वितीय स्थान पाए 3 को पूरक मिला व एक फेल हुआ। वाणिज्य संकाय में भी 56 के 56 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे जिसमें से 30 छात्र उत्तीर्ण हुए इसमें 24 प्रथम, 22 द्वितीय तथा 4 तृतीय रहे, 2 को पूरक मिला वही 4 विद्यार्थी फेल हुए।

बता दे कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ माध्यमिक परीक्षा के लिए स्टेट हाई स्कूल को समन्वय केन्द्र बनाया गया था। इसके जिला समन्वयक व केन्द्राध्यक्ष स्कूल के प्राचार्य एन.एस. पट्टा जी थे। श्री तिवारी सह. समन्वयक रहे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बारहवी में स्कूल में कुल 155 विद्यार्थियों के नाम दर्ज रहे जिनमें से 153 विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा दी। इसमें 124 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। स्कूल में 57 विद्यार्थी प्रथम स्थान प्राप्त किया वही 54 ने द्वितीय व 13 विद्यार्थियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 18 विद्यार्थियों को पूरक प्राप्त हुआ वही 11 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। प्रदर्शन 80 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के परीक्षा परिणाम मंडल के वेबसाईट पर भी जारी किया गया है।

बच्चों के चेहरे खिले

बताते चले कि इस वर्ष अविभाजित राजनांदगांव जिले में 39176 परीक्षार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा दी थी। मार्च महिने में परीक्षा सम्पन्न होने के 46 दिनों बाद परिणाम जारी हुआ। परिणाम जारी होते ही जिले में टाप आए विद्यार्थी सहित उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के चेहरे में मुस्कान रही। साथ ही उनके माता-पिता व शुभचिंतकों के चेहरे खिले रहे।

बताया जाता है कि इस बार जिले की बोर्ड परीक्षा में 39176 बच्चों ने दसवी/ बारहवी कक्षा के लिए अपना पंजीयन कराया था। जिसमें से दसवी के 22086 परीक्षार्थी शामिल हुए वही 12 वीं कक्षा के 17090 परीक्षार्थियों ने परीक्षादी।

इन परीक्षार्थियों में से ज्यादातर छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन कर अपना सुयश बनाया है। और अपने स्कूल का नाम रौशन किया है।

पहला कॉलम...

बाल भारती पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा विनिशा साहू 10वीं में प्रथम

राजनांदगांव (दावा)। बाल भारती पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा विनिशा साहू पिता गोविंद साहू (साव) ने कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत लाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त की है। ज्ञात हो कि पिता गोविंद साहू (साव) छत्तीसगढ़ के ख्यातिलब्ध संगीतकार हैं। विनिशा के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, परिजनों सहित ईष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल है। सभी ने विनिशा साहू के उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

राजीव देवांगन का सुयश

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय बजरंगपुर-नवागांव शासकीय हाईस्कूल के छात्र राजीव देवांगन आ. जोहन लाल देवांगन ने कक्षा दसवीं में 90.06 प्रतिशत प्राप्त कर शाला का नाम रौशन किया। राजीव देवांगन ने इस उपलब्धि पर गुरु जनों व अपने माता-पिता को श्रेय दिया।

पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी विद्यालय में प्रवेश लाटरी के माध्यम से

राजनांदगांव (दावा)। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया 15 मई 2024 को प्रातः 11 बजे लाटरी के माध्यम से किया जाएगा।

आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प 13 मई को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 मई 2024 को सुबह 9 बजे से फूड डिविजन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी आईटीसी बेस्ड इन त्रिचय तमिलनाडु द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में 12वीं, आईटीआई, बीएससी उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ सम्मिलित हो सकते है।

नेशनल लोक अदालत की तिथियों में परिवर्तन, अब 21 सितंबर को

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य सेवा विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित नेशनल लोक अदालत की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। इसके अनुसार 11 मई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत का आयोजन अब 13 जुलाई 2024 को तथा 14 सितम्बर 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत का आयोजन अब 21 सितम्बर 2024 को किया जाएगा।

आयुक्त ने ली एस.एल.आर.एम. सेंटर प्रभारियों की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रभारियों से चर्चा कर प्रतिदिन घर घर कचरा एकत्रित करने सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करने के निर्र्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियो से कहा कि स्वच्छता दीदीया प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण करती है। कुछ लोगों के द्वारा गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग न देकर एक साथ देते है, जिससे कचरा पृथककरण में असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि कचरा पृथककरण एवं स्वच्छता के लिए जनजागरूकता अभियान चलाना है और अभियान से नागरिकों को स्वच्छता से जोडना है। इस अभियान का मूल उद्देश्य स्त्रोत पर कचरे का पृथककरण करना है। इसका मतलब घर में ही कचरे को हरा डब्बा में गिला कचरा एवं नीला डब्बा में सुखा कचरा पृथककरण किया जाए, इसके लिये लोगों को जानकारी देवे।

कचरा संग्रहण एवं पृथककरण के संबंध में सेन्टर प्रभारियों से आयुक्त श्री गुप्ता ने जानकारी ली। प्रभारियों ने अपना अनुभव साझा कर जानकारी देते हुये बताया कि कुछ लोगों के द्वारा कचरा पृथक कर नही दिया जाता इसके लिये उन्हें समझाईस दी जाती है और उनके घर के सामने कचरा पृथककरण कर दिखाया जाता है। जिसका प्रभाव भी पड रहा है और लोग अलग अलग कर कचरा दे रहे है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा यूजर चार्ज भी नहीं दिया जाता और डस्टबिन की मांग की जाती है। इस पर आयुक्त ने कहा कि सभी सेन्टर सुपरवाईजर प्रतिदिन अपने अपने क्षेत्र के मकानों का सर्वे करे और जिन मकानों से यूचर चार्ज नहीं मिल रहा है, उनकी सूची बनावे, रजिस्टर में इंद्राज करे व उन्हें समझावे कि यूजर चार्ज से ही स्वच्छता दीदीयों का वेतन दिया जाता है। साथ ही अलग अलग डस्टबिन स्वयं खरीदकर अलग अलग कचरा रखने घर में ही कचरा पृथककरण करने समझाईस देवे।

कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने एवं शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली के दिये निर्देश

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि एसएलआरएम सेन्टर में प्रतिदिन आये हुये कचरे की उसी दिन पृथककरण करे तथा खाद बनाने की प्रक्रिया करे, बने हुये खाद का विक्रय करे। सेन्टर प्रभारियों ने कुछ सेन्टरों में पीठ बनाने की मांग किये, जिसपर उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को पीठ बनाने निर्देशित किये। इसके अलावा स्वच्छता दीदीयों ने सुरक्षा कीट की मांग की तथा कुछ सेन्टरों में नल नही होने, विद्युतिकरण, बाउण्ड्रीवाल बनाने तथा गाड़िया खराब होने की बात कही, जिस पर आयुक्त ने सुरक्षा कीट उपलब्ध कराने एवं अन्य व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होंने पी.आई.यू. से कहा कि प्रतिदिन सेन्टरों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। साथ ही सेन्टरों के कबाडी एक साथ एक दर पर बेचने सभी सेन्टर प्रभारियों को निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने मोटर प्रभारी श्री सुरेन्द्र साव से कहा कि सभी खराब गाड़िया जल्द सुधार किया जाये, इसके अलावा जिन गाड़ियों की स्पीकर खराब है, उसे भी सुधारा जाये और प्रत्येक गाड़ी में घर से कचरा निकालने संबंधी गाना बजाया जाये तथा गीला कचरा सुखा कचरा अलग अलग डब्बे में रखने एवं घर में ही कचरा पृथककरण करने संदेश भी बजाया जाये। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी श्री अग्रवाल से कहा कि ठेका वार्डो में निगम के वार्ड प्रभारी निरीक्षण करे एवं उपस्थिति की जॉच करे। साथ ही मेडिकल अवकाश की मेडिकल बोर्ड से जॉच उपरांत ही अवकाश स्वीकृत करे, लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही करे। सभी वार्ड प्रभारी प्रतिदिन निर्धारित समय तक वार्डो में सफाई कार्य करावे।

बैठक में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव,प्र.स्वच्छता निरीक्षक श्री भूषण मेश्राम,मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, स्वास्थ्य लिपिक श्री नारायण यादव, जिला समन्वयक एस.बी.एम. श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू सहित वार्ड प्रभारी व एस.एल.आर.एम. सेन्टर प्रभारी उपस्थित थे।

चार दशक की प्राध्यापकीय एवं प्रशासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेकर

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की पावन धरती को अपने प्राध्यापकीय एवं प्रशासकीय कौशल से 4 दशक से अधिक समय तक सिंचित, पुष्पित और पल्लवित करते हुए डॉ के. एल. टांडेकर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हुए। डॉ टांडेकर ने अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत 1982 में शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा से की। 24 वर्ष तक सहायक प्राध्यापक, 3 वर्ष प्राध्यापक तथा 15 वर्ष तक प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे । 26 वर्षों तक उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों में विभागाध्यक्ष वाणिज्य के पद को सुशोभित किया। वे 11 वर्षों तक शोध निर्देशक के रूप में कार्य किया। उनके मार्गदर्शन में 4 शोधार्थियों ने पीएचडी उपाधि प्राप्त की तथा पीएससी में चयनित होकर सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत है। वर्तमान में 5 शोधार्थी उनके मार्गदर्शन में पीएचडी कार्य कर रहे हैं। अपने प्राध्यापकीय यात्रा में उन्होंने 110 उच्च स्तरीय शोध पत्रों 11 पुस्तकों तथा 10 आर्टिकल का प्रकाशन करवाया, जो सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। प्राचार्य पद पर रहते हुए डॉ टांडेकर के मार्गदर्शन में विभिन्न महाविद्यालय में अनेक अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/ सेमिनार/ कॉन्फरेंस/वेबिनार/ वर्कशॉप का आयोजन किया गया। डॉ. टांडेकर ने 200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागीता दी। डॉ. टांडेकर अनेक संस्थाओं के विद्या परिषद /शासकीय निकाय के सदस्य रहे। महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं के एडिटर के साथ ही आप इंटरनेशनल एडवायजरी बोर्ड के सदस्य भी रहे। अपनी प्राध्यापकीय कार्यकाल में इन्होने ग्रंथपाल/क्रीड़ाधिकारी/एनसीसी अधिकारी/जिला संगठक एनएसएस जैसे दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। डॉ टांडेकर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियां हेतु छत्तीसगढ़ अपितु मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के 65 संस्थाओं के साथ एमओयू किया गया। दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर हुए विद्यार्थियों के हित में अनेक कार्य किया। जिसमें छत्रावास को प्रारंभ करना, सेमिनार, कांफ्रेंस हॉल का निर्माण, 10 से अधिक डिजिटल कक्षाओं का निर्माण, पर्याप्त फर्नीचर जैसे अनेक कार्य हुए। डॉ टांडेकर के कार्यकाल में दिग्विजय महाविद्यालय में पहली बार विज्ञान संकाय में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार, उद्योगपतियों का सम्मलेन एवं आनंद मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए। इनके अकादमिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक कार्य को हुए विभिन्न संस्थाओं द्वारा भीम चेतना अवार्ड, विद्यावाचस्पति अवार्ड, गुरु रविदास सम्मान, इनोवेटिव रीसर्च नेशनल अवार्ड, रीसर्च एक्सीलेंस अवार्ड, लाइफटाइम अचीवमेंट, डॉ अब्दुल कलाम इंटरनेशनल अवार्ड, बेस्ट रीसर्च एडवाइसिरी अवार्ड, राष्ट्रीय शिक्षक गौरव सम्मान, प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड, डॉ बी. आर. आंबेडकर समता नेशनल अवार्ड, ग्रीन एनवायरनमेंट प्रमोशन अवार्ड जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल अमेरिका द्वारा आपको डी लिट् की उपाधि प्रदान की गई। डॉ टांडेकर अपने अर्द्धवार्षिकीय आयु को पूरा करते हुए 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी। विभिन्न संगठनों द्वारा उनके द्वारा किये गये कार्यों को सम्मानित करते हुए उन्हें महाविद्यालय से गाजे बाजे के साथ बग्घी में बैठाकर घर तक विदाई दी गई।

भाव शुद्ध साधना का सर्वोत्तम मार्ग है - मुनि श्री सुधाकर जी

राजनांदगांव (दावा)। 9 मई युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि बंधन और मुक्ति तुम्हारे भीतर ही है। भावों ही भावों में बंधन और मुक्ति हो सकता है। भाव भव परंपरा को समाप्त कर सकता है। भाव शुद्ध साधना का सर्वोत्तम मार्ग है। भावों ही भावों से जीव सातवें नरक गति में जा सकता है। तेरापंथ भवन में आज अपने प्रवचन के तीसरे दिन मुनि श्री सुधाकर ने कहा कि सीढ़ियों से आप ऊपर भी जा सकते हैं और नीचे भी आ सकते हैं। संकल्प से सृष्टि और दृष्टि का निर्माण होता है। जैसा संकल्प होता है वैसा ही जीवन बन जाता है। जितने आपके संकल्प पवित्र होंगे, उतने ही आप परमगति प्राप्त करने की ओर अग्रसर होंगे। मुनि श्री ने कहा कि व्यक्ति भावों ही भावों में इतने कर्मों का बंधन कर लेता है कि वह उसे तोड़ नहीं पाता और उसी में फंसता चला जाता है। हमारी भावधारा जितनी पवित्र होगी उतना ही हमारा जीवन आनंदमय होगा। इसके लिए चार भावना जरूरी है और ये हैं पहला मैत्री भावना, दूसरा प्रमोद भावना, तीसरा करुणा भावना और चौथा मध्यस्थ भावना। मुनि श्री सुधाकर ने कहा कि गांठ लगाना आसान है किंतु उसे खोलना मुश्किल है। प्राणी मात्र के प्रति मैत्री भाव रहता है। हमारे साथ यदि कोई कुछ करता भी है तो उसे माफ कर देना चाहिए। मन में गांठ नहीं बांधनी चाहिए और यदि मन में कोई गांठ बन गई है तो उसे खोल दें। उन्होंने कहा कि प्रमोद भावना आज के युग में सबसे ज्यादा जरूरी है। दूसरों की उन्नति एवं सुख को देखकर हमारे मन में प्रसन्नता की भावना उत्पन्न होनी चाहिए। यही प्रमोद भावना है। उन्होंने कहा कि ईर्ष्या ऐसी आग है जो आत्मा के गुणों को जला देती है। जो स्वादु होता है वह साधु नहीं होता। व्यक्ति में करुणा भावना रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भीतर करुणा की भावना होती है तब आनंद आता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थ भावना वह होती है जो सुख में दुख में हर स्थिति में समभाव रहते हैं। उन्होंने कहा कि यह चार भावना रखें तो जीवन आनंदमय हो जाएगा। इससे पूर्व नरेश मुनि ने कहा कि जो सच्चा धार्मिक होता है वह किसी का अहित नहीं करना चाहता। वह सबका अच्छा ही सोचता है। आप भी सच्चे धार्मिक बनें।

○ जो सच्चा धार्मिक होता है वह किसी का अहित नहीं करना चाहता-नरेश मुनि
○ तेरापंथ भवन में चल रहा है प्रवचन

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार भीड़ भरा तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-3-8
359-7 180-9
राजधानी
3-4-0
245-1 134-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्व शुभ शांतियां ज्योतिष एवं ग्रह गणन के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

फार्म - अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम- 6 देखिये)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक विरेन्द्र कुमार आ. श्री फागुराम, जाति तेली, आयु 24 वर्ष, ग्राम हाउस नं. 42, वार्ड नं. 15 मनोहर ऑफिस के पास डौंडी, तह. डौण्डी, जिला बालोद एवं आवेदिका केशरी आ. लक्ष्मन, जाति सतनामी, उम्र लगभग 23 वर्ष, निवासी 85, वार्ड नं. 27 बजरंग चौक, गुरूघासीदास वार्ड दल्लीराजहरा, जिला बालोद द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 07/06/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा। आज दिनांक 07.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी ।

अगामी तिथि- 07.06.2024

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

फार्म - अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम- 6 देखिये)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक गैंदलाल पिता श्री शिव कुमार, जाति गोंड़ आयु 22 वर्ष, साकिन वार्ड नं. 09 पसाही (टी) भाठागांव (आर) , तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद एवं आवेदिका मीरा चक्रधारी आ. समयलाल, जाति कुम्हार, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 09 पसाही (टी) भाठागांव (आर) तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 06/06/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा। आज दिनांक 07.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी ।

अगामी तिथि- 06.06.2024

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं सुमन सोमानी पति पीयूष सोमानी स्थायी निवासी- वार्ड नं. 38, राजनांदगांव एवं तत्कालीन निवासी - सीएसईबी कॉलोनी, कोरबा पूर्व (छ.ग.) अपनी 1½ वर्ष की नाबालिक पुत्री वेदिका सोमानी का नाम परिवर्तन कर वरूषा सोमानी कर दिया है।

अतः आज से समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री को नए नाम वरूषा सोमानी पिता पीयूष सोमानी के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

सुमन सोमानी
निवासी-वार्ड नं. 38, बसंतपुर,
राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं सुमन सोमानी पति पीयूष सोमानी स्थायी निवासी- वार्ड नं. 38, राजनांदगांव एवं तत्कालीन निवासी - सीएसईबी कॉलोनी, कोरबा पूर्व (छ.ग.) अपनी 2½ वर्ष की नाबालिक पुत्री राध्या सोमानी का नाम परिवर्तन कर श्रीनिका सोमानी कर दिया है।

अतः आज से समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री को नए नाम श्रीनिका सोमानी पिता पीयूष सोमानी के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

सुमन सोमानी
निवासी-वार्ड नं. 38, बसंतपुर,
राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वनमण्डल कोरबा छत्तीसगढ़

फोन- का. 07759-221273, नि. 07759-222504, फैक्स 07759- 223531
Email : dfo_korba@yahoo.co.in

क्रमांक /राजस्व/3135 कोरबा, दिनाक 06/05/2024

नीलाम

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा में रखी गई निम्न विवरण अनुसार जलाऊ लकड़ी का नीलाम दिनांक 21.05.2024 को प्रातः 10.30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जावेगा।

वनोपज की अनुमानित मात्रा

डिपो का नाम	प्रजाति	नया वनोपज	योग
जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी	सतकठा जलाऊ	443 चट्टा	443 चट्टा
	नीलगिरी जलाऊ	21 चट्टा	21 चट्टा
	योग	464 चट्टा	464 चट्टा

टीप:-
1. नीलाम में रखी जाने वाली वनोपज का कार्यालयीन दिवस में जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा से अवलोकन की जा सकती है।
2. नीलाम की शर्ते एवं वनोपज का विस्तृत विवरण मटेरियल सूची कार्यालय दिवस में वनमंडल कार्यालय एवं परिक्षेत्र अधिकारी, कुदमुरा (उत्पादन) से प्राप्त किया जा सकता है।
3. नीलाम बोली मान्य का 25 प्रतिशत ई.एम.डी. मल्टीसिटी चेक/बैंक ड्राफ्ट, भारतीय स्टेट बैंक का ही स्वीकार किया जावेगा अन्य बैंकों नहीं।
4. वनोपज की उक्त सूचित मात्रा में बढ़त/घटत संभावित है।
5. कार्य आदेश प्राप्त करते समय पेन कार्ड/ टीन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा किया जाना आवश्यक है।

जी- 242500045/2

वनमण्डलाधिकारी
कोरबा वनमंडल, कोरबा

आज अक्षय तृतीया: गुड्डे-गुडियों का रचाया जाएगा ब्याह

राजनांदगांव (दावा)। बैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को आज पूरे देश भर में भगवान परशुराम जयंती की धूम रहेगी। फरसा धारी भगवान परशुराम जन-जन में पूजे जाएंगे। चूंकि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधानप्रांत है इसलिए आज से कृषि कार्यों की शुरूआती के लिए अक्षय तृतीया का पर्व अक्ती तिहार के रूप में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कृषक जन इस दिन मां शीतला की पूजा पाठ के साथ अपने खेत के एक कोने में बीजहा धान का रोपण करेंगे। वहीं चूंकि आज से ही कृषि कार्यों की शुरूआत होनी है इसलिए गांव में सौजियां, चरवाहा, नौकर आदि का अनुबंध किये जाएंगे। आज के दिन से नए घड़े से पानी पीये जाने की परम्परा है। इसलिए बाजार में मिट्टी के घड़ो की खूब मांग रही।

० पूजे जाएंगे फरसा धारी भगवान परशुराम
० आज से ही होगी कृषि कार्यों की शुरूआत
० अंचल भर में स्नान-दान-पूण्य के कार्यों का बना रहेगा माहौल

पुतरा-पुतरी विवाह की रहेगी धूम

आज 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर्व पर गुड्डे-गुड़ियों के विवाह रचाए जाने की परम्परा है अतः इसके चलते शहर से लेकर गांव-देहातों में पुतरा-पुतरी विवाह की धूम रहेगी। खासकर बच्चे पुतरा-पुतरी विवाह के लिए ज्यादा रूचि दिखाते है। इनके साथ महिलाएं व युवतियां भी सम्मलित हो जाती है। बच्चों ने इसकी तैयारी पहले से कर ली थी। बाजार से मिट्टी से बने आकर्षक पुतरा पुतरी खरीद लाए जिनका पूरे वैवाहिक नेग-जोग के साथ आज विवाह गीतों की स्वर लहरियों के बीच खुशी-खुशी ब्याह रचाया जाएगा।

इस दौरान आयोजित रहने वाले टीकावन का कार्यक्रम देखते ही बनता है। बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों में गुड्डे-गुडड़ियों के विवाह से खुशी का माहौल बना रहेगा। इधर जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह रोकने की भी पूरी तैयारी कर ली है। उनकी कड़ी नजर इस पर बनी रहेगी।

वैवाहिक आयोजनों की धूम

आज अक्षय तृतीया के दिन को कभी नक्षय होने वाला दिन मानकर तथा अबूझ मुर्हूत मानते हुए शादी के लिए योग्य जोड़ों का विवाह भी कराया जाता है। इसलिए आज वैवाहिक आयोजन की भी धूम बनी रहेगी। अक्षय तृतीया के दिन अधिक से अधिक शुभ एवं मांगलिक कार्य भी सम्पन्न किए जाते है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ पर्व पर किए जाने वाले स्नान, ध्यान, दान, पूण्य, पूजा-पाठ, जप-तप आदि के शुभ कार्य किए जाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। शहर के गायत्री शक्तिपीठ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आज नव-युगल जोड़ों का विवाह रचाया जाएगा। मंदिर के पुरोहित द्वारा जोड़ों का विवाह संस्कार सम्पन्न किए जाएगे।

शुभ आयोजन होंगे सम्पन्न

अक्षय तृतीया पर न केवल पुतरी पुतरा के विवाह योग्य जोड़ों का विवाह सहित अन्य शुभ एवं मांगलिक कार्य सम्पन्न किए जाएंगे। इस दिन अपने देहावसित परिजनों को नदी-तालाबों में तिल-जल अर्पण कर उन्हें पितृपक्ष में मिलाए जाने का भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज अक्षय तृतीया पर शुभ खरीदी के भी विधान है। इसदिन सोने चांदी के जेवरात व पीतल-कासे के बर्तन सहित अन्य शुभ चीजों की खरीदी की जाएगी। पर्व को लेकर सर्राफा दुकान सहित वर्तमान दुकान इलेक्ट्रानिक सामानों के दुकान सजकर तैयार है। बाजार में मिट्टी से बने आकर्षक गुड्डे-गुड़ियों से लेकर मिट्टी के घड़े आदि जमकर खरीदारी रही। इससे शहर का बाजार गुलजार बना रहा। आज अक्षय तृतीया पर्व की छटा चारो ओर बिखरी रहेगी।

अक्षय तृतीया के पूर्व शहर में ब्राह्मण समाज की निकली मोटर साइकिल रैली

राजनांदगांव (दावा)। संस्कार धानी नगरी राजनांदगांव में अक्षय तृतीया के पूर्व भगवान परशुराम के अनुयाई ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा शहर में धूमधाम के साथ मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। मोटरसाइकिल रैली में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा सनातन महासभा के संतोष पटाक महाकाल सेना के निखिल द्विवेदी पूर्व सांसद अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों माथे पर चंदन? लगाए और सत्य सनातन धर्म की लाल- भगवान ध्वज लहराते हुए चल रहे थे। रैली का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ।

इस दौरान हिंदू समाज के लोगों ने रैली का भव्य स्वागत किया। बताया जाता है कि आज भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के अवसर पर शहर मे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

जिपं सीईओ श्रुति सिंह ने ली अधिकारियों की बैठक

जल संरक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ ने जल संरक्षण के उपाय करने, भू-जल स्तर बनाये रखने एवं बढ़ाने के संबंध में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए, इसके लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के उपाय करने के साथ ही जनसामान्य में जागरूकता लाने की जरूरत है। तालाब, डबरी, कुआँ एवं अन्य माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक जिला पंचायत देवेन्द्र कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। राजनांदगांव जिले से कक्षा 10वीं में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया की छात्रा कुमारी वंशिका साहू ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में छठवां एवं जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं में सर्वेश्वर दास शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के छात्र रिकेश देवांगन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़ीकला राजनांदगांव के छात्र ओगेश कुमार ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में कक्षा 10वीं में 76.76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 71.85 एवं छात्राओं का प्रतिशत 80.78 है। इस तरह कक्षा 12वीं में 83.57 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 80.11 एवं छात्राओं का प्रतिशत 86.24 है।

० कक्षा 10वीं में कुमारी वंशिका साहू 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में छठवां स्थान
० जिले में कक्षा 10वीं में 76.76 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में 83.57 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण
० कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर बच्चों ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह सफलता के नये आयाम प्राप्त करें। जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल ने भी बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी।

ट्रेलर की चपेट में आया युवक, मौके पर मौत

डोंगरगांव(दावा)। अंचल में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं ने क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ा दी है. सड़क हादसे में राहगीर घायल तो हो रहे हैं, साथ ही इन हादसों में युवाओं की मौत से अंचलवासी सदमे में हैं और भयभीत होकर यात्रा कर रहे हैं. अधिकांश सड़क हादसों शराब सेवन कर वाहन अनियंत्रित गति से दौड़ाना और दुपहिया वाहनों में निर्धारित संख्या से अधिक सवारी चलने की वजह सामने आ रही है.

ऐसे ही एक घटना 9 मई गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार में हुई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है. इस हादसे में घायल व वाहन चालक केवल पिता गरीबराम 24 वर्ष ने बताया कि वह नागेश पिता ठाकुरराम 26 वर्ष और अनिल पिता विष्णुराम 26 वर्ष के साथ तीनों एक वाहन प्लेटिना क्रमांक सीजी08एडब्ल्यू 0914 में ग्राम परना से डोंगरगांव सामान लेने आ रहे थे, तभी खुर्सीपार के पुराने सोसायटी के पास ट्रेलर की चपेट में अनिल आ गया और सिर के ऊपर से गाड़ी चल गई. वहीं नागेश को मामूली चोट आई. इधर केवल के चेहरे में चोट आई है. घायल केवल को डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार पश्चात छुट्टी कर दी गई है जबकि पीछे सवार अनिल की मौके पर ही मृत्यु होने की जानकारी मिली है. अनिल के परिजनों ने बताया उसकी पिछले वर्ष ही अक्षय तृतीया के दिन शादी हुई थी और 10 मई को अक्षय तृतीया है, जो परिवार वालों के बेहद दुखद घड़ी है, वहीं युवक की 3 माह की छोटी बच्ची है.

खेतान कंपनी फरहद में हो रहा श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन- छमुमो

राजनांदगांव (दावा)। खेतान केमिकल्स एण्ड फर्टीलाईजर फरहद (सोमनी) संस्थान द्वारा श्रम कानूनों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, संस्थान में कार्यरत अधिकत्तर श्रमिकों को वर्ष 2022-23 का बोनस भुगतान नहीं किया गया। श्रम पदाधिकारी राजनांदगांव द्वारा दिनांक 05.03.2024 को दिये गये निर्देश के बावजूद अभी तक बोनस भुगतान नहीं किया गया। बल्कि बोनस की माँग करने पर 50 श्रमिकों को दिनांक 07.05.2024 से काम पर नहीं लिया जा रहा है। इसलिए श्रमिकगण अपने परिवारों के साथ राजनांदगांव पहुँचकर जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना दिए। धरना के दौरान हुई सभा को छ.मु.मो के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, भोजराम साहू, विरेन्द्र उके, पुनाराम साहू, धनसाय, भीम सेन, विनोद बांधे, बसंत कुर्रे आदि वक्ताओं ने संबोधित किये उसके पश्चात मजदूरों की मांगों से संबंधित ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर को सौपा गया तथा कलेक्टर संजय अग्रवाल से मांगों के संबंध में चर्चा किया गया। उसके पश्चात श्रम पदाधिकारी संजय सिंग को भी ज्ञापन दिये व निवेदन किये कि, बोनस मांगने के कारण 50 श्रमिकों को 7 मई 2024 से काम से बंद किया गया। निवेदन किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन मजदूरों को दिलाया जाये तथा जुलाई 2023 से अक्टूबर 2023 तक बकाया चार माह बंद के दौरान का वेतन भुगतान कराया जावें। उक्त जानकारी छ.ग. मुक्ति मोर्चा के महासचिव पुनाराम साहू ने दी।

आज भी बदली-बारिश के आसार

राजनांदगांव (दावा)। आज भीषण गर्मी के बीच बारिश की संभावना बनी हुई है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना बनी हुई है। रायपुर समेत प्रदेशभर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना भी बनी हुई है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि समुद्र तल से नमी हवाओं का आगमन होने से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आगामी दो दिनों तक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है।

महाराणा प्रताप की जयंती पर राजपूत महासभा द्वारा माल्यार्पण कर आरती उतारी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा एवं महिला राजपूत महासभा द्वारा आरके नगर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर राजपूत महासभा द्वारा माल्यार्पण कर आरती उतारी गई। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के अध्यक्ष अजय सिंह परिहार सचिव जय नारायण सिंह करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह राजपूत महासभा के महिला अध्यक्ष सुषमा सिंह, अर्चना सिंह, मधु भदोरिया द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर राजपूत महासभा के युवा सदस्य संतोष सिंह, जितेंद्र सिंह, गोल्डी भदोरिया, लालमुनई सिंह, रणविजय प्रताप सिंह, प्रिंस सिंह ठाकुर, महादेव सिंह, संतोष राजपूत, फौजी अपूर्व सिंह, प्रशांत सिंह कुशवाहा, रूपेंद्र सिंह ठाकुर, राहुल सिंह, सोम सिंह ने सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। महाराणा प्रताप स्टैचू की पूजा की गई, सामाजिक कार्यक्रम के तहत नारी उत्थान बालिका उत्थान पर विविध कार्यक्रम करने हेतु प्रेरित किया गया। समाज के अध्यक्ष सुषमा सिंह ने समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किया, उस संबंध में सदस्यों को अवगत कराया। राजपूत समाज द्वारा पट स्थित केंद्रीय कार्यालय में सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रम कराये जा रहे हैं जिसके तहत समाज के पढ़ाई करने वाले छात्रों को रहने की सुविधा समाज द्वारा दिया जा रहा है। महिला सदस्यों में अनामिका सिंह, कनक लता सिंह, रेखा सिंह, सूर्या सिंह, निशा सिंह, अनामिका सिंह, गौतम, आभा सिंह, रीना सिंह, रीमा राणावत, सुधा पवार का सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है।

शीला थीजन मेमोरियल हाईस्कूल का 10वीं बोर्ड का परिणाम उत्कृष्ठ रहा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के ममता नगर गली नं 5 में स्थित शाला शीला थीजन मेमोरियल हाई स्कूल के कक्षा 10वी में सत्र 2023-24 का परिणाम शानदार रहा। सभी विद्यार्थी उत्कृष्ठ श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। शाला के होनहार छात्र पीयूष कुमार साहू 93.83 प्रतिशत अंक पाकर शाला में प्रथम स्थान पर रहा, उन्होंने सभी 6 विषयों में प्रवीणता हासिल कर शाला को गौरवान्वित किया। साथ ही मयंक देवांगन 90 प्रतिशत के साथ शाला में द्वितीय स्थान पर रहा, इन्होंने भी सभी विषयों में प्रवीणता हासिल की। आदित्य कुमार वर्मा 88.33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहा है, शाला में कुल 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी पर रहे। वही 4 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होकर शाला को गौरवान्वित किया। वही 1 विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे।

सभी विद्यार्थियों के परीक्षा में उत्कृष्ठ श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर संस्था की अध्यक्षा श्रीमती पी.राव, सचिव ई.सिद्द तथा प्राचार्य विकल प्रवीण राव एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एव शीला थीजन शाला परिवार ने बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

० रेडक्रॉस सेवा, स्वास्थ्य एवं मानवता के लिए समर्पित
० रेडक्रास द्वारा किए जा रहे कार्यों की दी गई जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राजनांदगांव संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, नांदगांव ब्लड सेंटर, लाइफ लाईन ब्लड बैंक एवं बिलासा ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, मित्रता एवं मानव सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका विषय पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिन को विश्व रेडक्रास दिवस के रूप में मनाया जाता है। रेडक्रास सेवा, स्वास्थ्य एवं मानवता के लिए हमेशा आगे रहती है। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि दिए गए रक्त को थैलेसिमिया, सिकलसेल, डिलीवरी एवं इमरजेंसी एक्सीडेंट केस में जीवन रक्षा के लिए किया जाएगा। रक्तदान को जनअभियान बनाने के लिए रेडक्रास संस्था द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकों द्वारा 61 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही व्याख्यान के माध्यम से रेडक्रास द्वारा विभिन्न गतिविधियों में किए जा रहे कार्यों के बारे में बाताया गया। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक से फनेंद्र जैन, अभिषेक सिंह, संजीव प्रधान, परंपरा ग्रुप के सदस्य यश शर्मा, लोकेश शर्मा, जिला चिकित्सालय के पीसी जेम्स, ब्लड बैंक प्रभारी उषा, जगदीश सोनी, कश्यप, कल्पना, मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के चुम्मन साहू, रेडक्रास के हेमप्रभा सिंह, मोहनीश साहू, गजेंद्र साहू, खोमेश साहू ने सहयोग किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के आर.के. मांडवी, शैलजा शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, जय राम सिन्हा, रेनू मेश्राम, डी.डी. साहू, प्रदीप शर्मा, संतोष चौहान एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

रॉयल किड्स कान्वेंट सीजी बोर्ड 10वीं-12वीं के उत्कृष्ट नतीजे



कक्षा 12वीं के 94 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट सीजी बोर्ड द्वारा आज घोषित 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखी। रॉयल किड्स कान्वेंट में संचालित सीजी बोर्ड का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम आज माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किया गया जिसमें रॉयल किड्स कान्वेंट के विद्यार्थियों ने अपना शानदार प्रदर्शन कर अपने पालक एवं संस्था का नाम रोशन किया आज घोषित परिणाम में संस्था में कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं के परिणाम (गणित संकाय) - प्रथम आदित्य साहनी द्वितीय लीलाधर सिन्हा एवं तृतीय स्थान पर मोहम्मद मोहसिन रहे द्य (विज्ञान संकाय) - प्रथम प्राची मिश्रा द्वितीय स्नेहा सजीवन एवं तृतीय स्थान पर इशरत जहां रही (वाणिज्य संकाय) - प्रथम नूपुर ठाकुर द्वितीय संस्कृति बनाफर एवं तृतीय स्थान पर कृतिका मानिकपुरी रही।

इसी प्रकार कक्षा दसवीं में प्रथम अनु साहनी द्वितीय- नेहा निषाद एवं तृतीय स्थान पर शौर्य सिंह रहे द्य शिक्षकों के अथक परिश्रम एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग से 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा। संस्था की अध्यक्ष डॉक्टर सविता जेबी सिंह उपाध्यक्ष श्री अशोक चौधरी प्रशासक श्री संजय बहादुर सिंह डायरेक्टर श्री सावंत बहादुर सिंह, श्री जन्मेजय बहादुर सिंह, श्री श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य श्री अभिषेक खंडेलवाल, सीजी बोर्ड प्राचार्य श्री गोपाल साहू प्राचार्य सीबीएसई बोर्ड एकता खंडेलवाल बरसर श्री आई के वैष्णव , उपप्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों द्वारा बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

अनमोल दावा

अपनी पीड़ा के लिए संसार को दोष मत दो अपने मन को समझाओ क्योंकि तुम्हारे मन का परिवर्तन ही तुम्हारे दुखों का अंत है।

अर्थव्यवस्था में सुधार के दावों के बावजूद लोगों को अपना घरेलू खर्च चलाना हुआ मुश्किल

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़े में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में देश के परिवारों की शुद्ध बचत नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई है।

किसी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत इस बात से भी आंकी जाती है कि उसकी राष्ट्रीय बचत किस स्थिति में है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से होड़ करती हुई आगे बढ़ रही है। मगर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि यहां राष्ट्रीय घरेलू बचत का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़े में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में देश के परिवारों की शुद्ध बचत नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्तवर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो 2022-23 में घट कर 14.16 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह स्थिति तब है जब देश में विदेशी मुद्रा की आवक बढ़ी है। विदेशों में रह रहे भारतीयों ने 2022 में एक सौ ग्यारह अरब डालर भारत भेजे। इस तरह हम दुनिया का पहला देश बन चुके हैं, जहां सौ अरब डालर या उससे अधिक विदेशों से भेजा गया धन प्राप्त हुआ है।

हालांकि समीक्ष्य अवधि में म्युचुअल फंड में निवेश बढ़ कर तीन गुना और शेयरों तथा डिबेंचर में परिवारों का निवेश बढ़ कर दोगुना हो गया है। मगर इसके बरक्स सच्चाई यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ कर दोगुना हो चुका है। इसमें परिवारों द्वारा गैरवित्तीय बैंकों से लिया गया कर्ज चार गुना बढ़ा है। यह अवधि कोरोनाकाल के दौरान और उसके बाद की है। उस दौरान भविष्य निधि खाते से निकाले गए धन में भी बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। यानी कोरोनाकाल के बाद जिस अर्थव्यवस्था के सुधरने के दावे किए जाते रहे हैं, उसमें लोगों का अपना घरेलू खर्च चलाना मुश्किल बना हुआ है। इससे रोजगार की स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के स्तर का भी पता चलता है।

देश की तरक्की का तूमार चाहे जितना ऊंचा उठ जाए, पर वह टिकाऊ आम आदमी की हैसियत से ही बनती है। इसलिए यह अपेक्षा अपनी जगह बनी हुई है कि हकीकत से आंखें मिलाते हुए, विकास दर के बरक्स बुनियादी खामियों को दूर करने की कोशिश हो।

अक्षय तृतीया पर दें पक्षियों को सुराही घोंसला

- विजय मिश्रा 'अमित'

बचपन में शौक था अच्छा आदमी बनने का। मेहनत किया, कोशिश की शौक को छोड़ा नहीं। इसीलिए कामयाबी मिली। बचपन बीत गया बचपन का शौक जीत गया। बचपन में शौक था सदैव परहित, दूसरों की खुशी का भी ध्यान रखूंगा। खासकर मुक प्राणी, पेड़ पौधे, नदी तालाब के प्रति जिम्मेदारी निभाऊंगा। ऐसी जिम्मेदारियों को निभाते हुए बचपन से ही पक्षियों के लिए घोंसला बनाना, को शौक बना लिया। मुझे अपनी नानी स्व.उमा देवी चौबे, माता पिता नारायण-गीता मिश्रा से इस हेतु प्रेरणा मिली।

अक्षय तृतीया को टूटी सुराही से आया आइडिया

पक्षियों के लिए घोंसला बनाना उनकी हिफाजत करने का शौक मुझे अक्षय तृतीया के दिन अनायास मिल गया। मेरे नाना शिव कुमार चतुर्वेदी सक्ति रियासत के राजपुरोहित थे। अक्ति अर्थात अक्षय तृतीया के दिन छत्तीसगढ़ में ग्रामीण जन विविध सामग्रियों के साथ ही मिट्टी के घड़े, सुराही का दान देने हमारे घर आते थे।

एक बार अक्ति के दिन मिले सुराही को मैं देख रहा था तो वह मेरे हाथ से छूट गई और उसका मुंह का सिरा टूट गया। इस पर मेरा मुंह रूंवासा, भयभीत हो गया। मुझे लगा जरूर नानी जी डांटेंगी, लेकिन मेरी नानी ने कहा- सुराही का मुंह टूट गया तो भी यह उपयोगी है। उहोने सुराही को तार के माध्यम से आंगन में उगे अनार के पेड़ पर लटका दिया। मैं रोज सुबह उठता और सुराही को देखता था। एक दिन मैंने देखा की गौरैया मुंह में तिनका ला-लाकर सुराही में घुसती थी। कुछ दिनों बाद सुराही के अंदर से चीं-चीं की आवाज आई। तब मुझे लगा की सुराही से पक्षियों के लिए घोंसला बनाया जा सकता है।

अक्षय तृतीया विशेष

कटते बृक्ष घटते जंगल भटकते पक्षी

घटते जंगल, कटते वृक्षों के कारण पक्षियों को वृक्षों का खोह मिलना बंद होते जा रहा है। खोह में घोसला बनाने वाले पक्षी भटकते फिर रहे हैं। खोह की तलाश में भटकते ऐसे पक्षी पेड़ों मुंडेरों पर लटके सुराहियों में आसानी से घोसला बना लेते हैं और वंश वृद्धि सहज कर लेते हैं।

अपनी जिंदगी के 64 वर्ष को पूरे करते हुए मैंने सुराही से सैकड़ों घोंसला बनाकर पेड़ पौधों पर, घरों के मुंडेर पर लटका रखे हैं। घर आने वाले मित्रों, मेहमानों को, जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ पर मिट्टी की सुराही से निर्मित पक्षियों का घोंसला गिफ्ट में देता हूं। इच्छुक लोगों को अपने शौक से जोड़ते हुए, घोसला बनाना सिखाता हूं। मेरे यूट्यूब चैनल पर भी इसे डाल रखा हूं, जिसका लाभ हजारों पक्षी प्रेमियों ने लिया है।

शौक मेरा अर्थ लाभ कुम्हारों का

ग्रीष्मकाल पक्षियों का प्रजनन काल होता है। इसी मौसम में कुम्हार भी मिट्टी के घड़े सुराही बनाते हैं, अतः जब मैं उनसे बड़ी संख्या में सुराही खरीदता हूं तो उनको अर्थ लाभ होता है उनके जीविकोपार्जन का सहारा बन जाता है। कुम्हारों से खरीदकर पेड़ों पर लटकाए गए सुराहियों को गौरैया, गिलहरी, तोता, उल्लू, पहाड़ी मैना, नीलकंठ, लवबर्ड्स, मधुमक्खी आदि सुरक्षित आवास बना लेते हैं। सुराही से घोंसला बनाने के शौकीन जन मुझसे मोबाईल 9893123310 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दाल में छौंक, जिंदगी में शौक का अलग मजा

रंग मंच का कलाकार होने के नाते मुझे 1982 से चदैनी गोंदा के निर्माता रामचंद्र देशमुख, सोनहा बिहान के निर्माता महासिंह चंद्राकर और हिंदी रंगमंच में रामहृदय तिवारी के संपर्क में आने का मौका मिला। अपने अभिनय के शौक को पूरा करते हुए रंग मंच पर भी मैं पशु-पक्षियों के संरक्षण की बात अवश्य करता हूं। प्रायः मुझसे लोग पूछते हैं ऐसे शौक को पूरा करने में आपका कितना पैसा खर्च होता है? तब मेरा एक ही जवाब होता है कि शौक की कीमत और जिद्द के अंजाम नहीं देखे जाते, क्योंकि दाल में जैसे छौंक का वैसे ही जिंदगी में शौक का महत्व है।

आपका शौक यदि परहितकारी परोपकारी है तो वह मनोरंजनकारी, स्वास्थ्य-ज्ञानवर्धक होगा। थकायेगा नहीं बल्कि ऊर्जावान बनाए रखेगा। ऐसे बहुउद्देशीय शौक के लिए व्यय हुए रूपए पैसों की गिनती की बात मेरे दिमाग में कभी आती नहीं। जब जैसे जरूरत पड़े मैं खर्च कर देता हूं।

बच्चों में बोएं परहितैषी शौक का बीज

बहुत से लोग माचिस के डिब्बे, सिगरेट के डिब्बे, सिक्के, बोतल जमा करने जैसे अजीब-अजीब शौक पाल के रखते हैं। बृहद अर्थों में देखा जाए तो ऐसा शौक अन्य के लिए उतना उपयोगी नहीं है जितना कि रक्तदान, विद्यादान, श्रमदान, जल दान जैसे शौक बहुजन हिताय बहु उपयोगी है। दूसरों को खुश रखना ही हर मनुष्य की सबसे बड़ी हाबी होनी चाहिए। बहुत से लोग लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार, स्ट्रीट डॉग का लालन-पालन, सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त जानवरों और मनुष्य की त्वरित चिकित्सा का शौक पालते हैं। यह अनुकरणीय नमन योग्य है। मेरे विचार से नन्हे बच्चों के मन में परहितकारी शौक का बीज होना चाहिए। तभी बच्चे संस्कारी बन सकेंगे और सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी हो सकेगा।

पूर्व अति महाप्रबंधक (जन)
एम 8 सेक्टर 2, अग्रोहा सोसायटी पोआ- सुन्दर नगर रायपुर (छग)492013
मोबाईल 9893123310

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम : प्रभु श्रीराम की कृपा व उनकी कथा के प्रथम सोपान की पूर्णता

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

श्री राम कथा की प्रस्तुति के अंतर्गत कल श्री राम की बरात ने अयोध्या की ओर प्रस्थान किया और इस तरह उनके प्रेरक जीवन चरित्र का एक सोपान पूरा हुआ।प्रारंभ में जब इस कथा का लेखन शुरू किया गया था तो यह अनुमान नहीं था कि यह एक लंबी धारावाहिक श्रृंखला का रूप ले लेगा।

भगवान राम की महिमा अपरंपार है और उनकी लीलाओं का वर्णन करना किसी मनुष्य के सामर्थ्य में नहीं है, यही जानकर विचार सरिता स्तंभ के अंतर्गत लिखी जा रही इस कथा को किसी धारावाहिक का नाम नहीं दिया गया और प्रतिदिन प्रकाशित होने वाली कथा के लिए 'भाग' शब्द लिखने या कथा के अंश के बाद 'क्रमशः' शब्द का उपयोग करने से भी परहेज किया गया है। इस लेखक का यह मत है कि यदि एक बार भगवान की कथा प्रारंभ करने के बाद कभी किसी कारणवश इसमें बाधा आए या अंतराल आ जाए तो श्री राम क्षमा करें और कथा अपूर्ण या अधूरी छूट जाने का दोष नहीं हो।

भगवान श्री राम के महानतम जीवन चरित के सात सोपान हैं : -

1. श्री राम के जन्म से लेकर उनके विवाह तक का प्रसंग।

2. श्री राम विवाह के बाद श्री राम और सीता जी का अयोध्या में सुखद जीवन और महाराज दशरथ द्वारा श्री राम के राज्याभिषेक का निर्णय, श्री राम को वनवास और उनके अनुज श्री भरत,अयोध्या के राजा घोषित।

3. दंडक वन में श्री राम,सीता जी और लक्ष्मण जी का वनवास काल। लंकापति रावण द्वारा सीता जी का हरण।

4. श्री राम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता, युवराज अंगद के नेतृत्व में दक्षिण दिशा में वानरों के दल का प्रस्थान।वानर दलों द्वारा माता सीता की खोज।

5. श्री हनुमान जी द्वारा लंका में माता सीता से भेंट और लंका दहन के बाद उनकी सुरक्षित वापसी और प्रभु श्री राम से भेंट।

6. श्री राम की सेना द्वारा लंका पर आक्रमण।भीषण युद्ध के बाद रावण वध और लंका पर विजय।

7. श्री राम,सीता जी और लक्ष्मण जी की अयोध्या वापसी। श्रीराम का राज्याभिषेक और सर्वजन हिताय,सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर आधारित राम राज्य की स्थापना।

श्री राम का नाम स्वयं ब्रह्म का नाम है और अपने आप में संपूर्ण है, इसलिए पिछले कई महीनों से लिखे जा रहे प्रत्येक अंक में श्री रामकथा का भले ही एक छोटा अंश ही क्यों न हो,लेकिन इसमें किसी तरह की अपूर्णता की अनुभूति नहीं होती है।यही है श्री राम और उनके नाम की विशेषता, जो उनकी कृपा से उनकी कथा के बारे में लिखी जा रही चंद पंक्तियों में भी एक भाव पूर्णता की अनुभूति कराती है।

दैनिक दावा के सुधि पाठकों के लिए पुनः श्री राम की कथा को दूसरे सोपान से आगे बढ़ाने का प्रयत्न होगा और आगामी अंक में इसका 144 वां भाग प्रस्तुत होगा।

पूर्व दिशा में एक बड़ा यात्री समूह दृष्टिगोचर हुआ।श्री राम की बरात ने वापस अयोध्या राज्य की सीमा में प्रवेश किया...

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

सामयिक चर्चा

वोट का नशा

आज खबर पढ़कर
बानी बोले- ''गजाधर!
'राहुल गांधी के लिए सही जगह इटली है,
वायनाड या रायबरेली नहीं।'
यह व्यंग्यात्मक बात,
गृहमंत्री अमित शाह ने
उत्तर प्रदेश कनौज में,
अपने चुनावी भाषण में कहीं।
इस पर, आप क्या कहना चाहेंगे गजाधर?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''यह सुनते ही बानी!
हमारे मन में यह भाव जगा
कि भारत जैसे महान देश के
गृहमंत्री का उक्त कथन हमें
किसी नगर पालिका के
वार्ड मेम्बर जैसे लगा।
दरअसल बानी! चुनाव में नेता पर
'वोट का नशा' इस कदर चढ़
जाता है कि वह क्या बोल रहा है,
खुद, समझ नहीं पता है।''

गिरीश बख्शी

आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव

डॉ. शिवशंकर जोशी

शास्त्रों में अक्षय तृतीया को स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना गया है। अक्षय तृतीया के दिन मांगलिक कार्य जैसे- विवाह, गृहप्रवेश, व्यापार अथवा उद्योग का आरंभ करना अति शुभ फलदायक होता है। सही मायने में अक्षय तृतीया अपने नाम के अनुरूप शुभ फल प्रदान करती है। अक्षय तृतीया पर सूर्य व चंद्रमा अपनी उच्च राशि में रहते हैं।

इस वर्ष 2024में अक्षय तृतीया 10 मई दिन शुक्रवार को होगी। तो आइए जानें 25 बातों से अक्षय तृतीया का महत्व...

न माधव समो मासो न कृतेन युगं समम।
न च वेद समं शास्त्रं न तीर्थ गंगयां समम।।

वैशाख के समान कोई मास नहीं है, सत्ययुग के समान कोई युग नहीं हैं, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। उसी तरह अक्षय तृतीया के समान कोई तिथि नहीं है। अक्षय तृतीया के विषय में मान्यता है कि इस दिन जो भी काम किया जाता है उसमें बरकत होती है। यानी इस दिन जो भी अच्छा काम करेंगे उसका फल कभी समाप्त नहीं होगा अगर कोई बुरा काम करेंगे तो उस काम का परिणाम भी कई जन्मों तक पीछा नहीं छोड़ेगा। धरती पर भगवान विष्णु ने 24 रूपों में अवतार लिया था। इनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था। पुराणों में उनका जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था। इस दिन धरती पर गंगा अवतरित हुई। सतयुग, द्वापर व त्रेतायुग के प्रारंभ की गणना इस दिन से होती है। शास्त्रों की इस मान्यता को वर्तमान में व्यापारिक रूप दे दिया गया है जिसके कारण अक्षय तृतीया के मूल उद्देश्य से हटकर लोग खरीदारी में लगे रहते हैं। वास्तव में यह वस्तु खरीदने का दिन नहीं है। वस्तु की खरीदारी में आपका संचित धन खर्च होता है।

नया वाहन लेना या गृह प्रवेश करना, आभूषण खरीदना इत्यादि जैसे कार्यों के लिए तो लोग इस तिथि का विशेष उपयोग करते हैं। मान्यता है कि यह दिन सभी का जीवन में अच्छे भाग्य और सफलता को लाता है। इसलिए लोग जमीन जायदाद संबंधी कार्य, शेयर मार्केट में निवेश रीयल एस्टेट के सौदे या कोई नया बिजनेस शुरू करने जैसे काम भी लोग इसी दिन करने की चाह रखते हैं...

वैशाख मास की विशिष्टता इसमें आने वाली अक्षय तृतीया के कारण अक्षुण्ण हो जाती है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाए जाने वाले इस पर्व का उल्लेख विष्णु धर्म सूत्र, मत्स्य पुराण, नारदीय पुराण तथा भविष्य पुराण आदि में मिलता है। यह समय अपनी योग्यता को निखारने और अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए उत्तम है। यह मुहूर्त अपने कर्मों को सही दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। शायद यही मुख्य कारण है कि इस काल को 'दान' इत्यादि के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को आखातीज के रुप में मनाया जाता है भारतीय जनमानस में यह अक्षय तीज के नाम से प्रसिद्ध है। पुराणों के अनुसार इस दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान, दान, जप, स्वाध्याय आदि करना शुभ फलदायी माना जाता है इस तिथि में किए गए शुभ कर्म का फल क्षय नहीं होता है इसको सतयुग के आरंभ की तिथि भी माना जाता है इसलिए इसे 'कृतयुगादि' तिथि भी कहते हैं। यदि



इसी दिन रविवार हो तो वह सर्वाधिक शुभ और पुण्यदायी होने के साथ-साथ अक्षय प्रभाव रखने वाली भी हो जाती है। मत्स्य पुराण के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन अक्षत पुष्प दीप आदि द्वारा भगवान विष्णु की आराधना करने से विष्णु भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है तथा संतान भी अक्षय बनी रहती है। दीन दुखियों की सेवा करना, वस्त्रादि का दान करना ओर शुभ कर्म की ओर अग्रसर रहते हुए मन वचन व अपने कर्म से अपने मनुष्य धर्म का पालन करना ही अक्षय तृतीया पर्व की सार्थकता है।

कलियुग के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए इस दिन भगवान विष्णु की उपासना करके दान अवश्य करना चाहिए। ऐसा करने से निश्चय ही अगले जन्म में समृद्धि, ऐश्वर्य व सुख की प्राप्ति होती है। भविष्य पुराण के एक प्रसंग के अनुसार शाकल नगर रहने वाले एक वणिक नामक धर्मात्मा अक्षय तृतीया के दिन पूर्ण श्रद्धा भाव से स्नान ध्यान व दान कर्म किया करता था जबकि उसकी पत्नी उसको मना करती थी, मृत्यु बाद किए गए दान पुण्य के प्रभाव से वणिक द्वारकानगरी में सर्वसुख सम्पन्न राजा के रुप में अवतरित हुआ।

इस दिन पवित्र नदियों में स्नान कर सामर्थ्य अनुसार जल, अनाज, गन्ना, दही, सत्तू, फल, सुराही, हाथ से बने पंखे वस्त्रादि का दान करना विशेष फल प्रदान करने वाला माना गया है। दान को वैज्ञानिक तर्कों में ऊर्जा के रूपांतरण से जोड़ कर देखा जा सकता है। दुर्भाग्य को सौभाग्य में परिवर्तित करने के लिए यह दिवस सर्वश्रेष्ठ है। यदि अक्षय तृतीया रोहिणी नक्षत्र को आए तो इस दिवस की महत्ता हजारों गुणा बढ़ जाती है, ऐसी मान्यता है। किसानों में यह लोक विश्वास है कि यदि इस तिथि को चंद्रमा के अस्त होते समय रोहिणी आगे होगी तो फसल के लिए अच्छा होगा और यदि पीछे होगी तो उपज अच्छी नहीं होगी। इस दिन प्राप्त आशीर्वाद बेहद तीव्र फलदायक माने जाते हैं। भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। सतयुग, त्रेता और कलयुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ और इसी तिथि को द्वापर युग समाप्त हुआ था।

रेणुका के पुत्र परशुराम और ब्रह्मा के पुत्र अक्षय कुमार का प्राकट्य इसी दिन हुआ था। इस दिन श्वेत पुष्पों से पूजन कल्याणकारी माना जाता है। धन और भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति तथा भौतिक उन्नति के लिए इस दिन का विशेष महत्व है। धन प्राप्ति के मंत्र, अनुष्ठान व उपासना बेहद प्रभावी होते हैं। स्वर्ण, रजत, आभूषण, वस्त्र, वाहन और संपत्ति के क्रय के लिए मान्यताओं ने इस दिन को विशेष बताया और बनाया है। बिना पंचांग देखे इस दिन को श्रेष्ठ मुहुर्तों में शुमार किया जाता है। दान करने से जाने-अनजाने हुए पापों का बोझ हल्का होता है और पुण्य की पूंजी बढ़ती है। अक्षय तृतीया के विषय में कहा गया है कि इस दिन किया गया दान खर्च नहीं होता है, यानी आप जितना दान करते हैं उससे कई गुणा आपके अलौकिक कोष में जमा हो जाता है। मृत्यु के बाद जब अन्य लोक में जाना पड़ता है तब उस धन से दिया गया दान विभिन्न रूपों में प्राप्त होता है। पुनर्जन्म लेकर जब धरती पर आते हैं तब भी उस कोष में जमा धन के कारण धरती पर भौतिक सुख एवं वैभव प्राप्त होता है। इस दिन स्वर्ण, भूमि, पंखा, जल, सत्तू, जौ, छाता, वस्त्र कुछ भी दान कर सकते हैं। जौ दान करने से स्वर्ण दान का फल प्राप्त होता है। इस तिथि को चारों धामों में से उल्लेखनीय एक धाम भगवान श्री बद्रीनारायण के पट खुलते हैं। अक्षय तृतीया को ही वृंदावन में श्री बिहारी जी के चरणों के दर्शन वर्ष में एक बार ही होते हैं।

राशिफल

मेष — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा आपको रिलैक्स फील होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, जल्द ही आप करियर में नया मुकाम पाने वाले हैं। खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा।

वृषभ — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारी पूरी कर लेंगे। शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज कोई भी काम करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरुर लेना चाहिये। इससे आपको काम में मदद मिलेगी।

मिथुन — आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। किसी नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे।

कर्क — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर कोई आपकी शिकायत कर सकता है। आपको अपनी हर चीज परफेक्ट रखनी चाहिए चाहे वो कोई भी काम हो। खुद को फिट रखने के लिए आपको योगा करना चाहिए।

सिंह — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम करके गुजारेंगे। आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है। फास्ट फूड खाने से आपको बचना चाहिए।

कन्या — आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। जिससे दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। आज का दिन बढ़िया रहेगा।

तुला — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज आपका जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा।

वृश्चिक — आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बिताएंगे।

धनु — आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

मकर — आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा।

कुंभ — आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप कोई मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

मीन — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठाएंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है।

शब्द सामर्थ्य -052

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 051 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			टट्ट
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		धा	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

बोर्ड नतीजे में भारतीय पब्लिक स्कूल का दबदबा शहर में कायम

शहर में कक्षा 10वीं में प्रथम से चतुर्थ स्थान पर बी.पी.एस के विद्यार्थी

डोंगरगांव (दावा)। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी अपना वर्चस्व कायम रखा है. डोंगरगांव शहर में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 12वीं कृषि संकाय में शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया.

संस्था प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 60 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुये, जिसमें से 53 उत्तीर्ण रहे और परीक्षा परिणाम 88.33 प्रतिशत रहा. इनमें प्रथम श्रेणी में 34, द्वितीय श्रेणी में 12 एवं तृतीय श्रेणी में 07 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये. कक्षा में प्रथम स्थान पर वीणा साहू 95.83प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर स्नेहा राजपूत 95 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर सिमरन नेताम 94.5 प्रतिशत एवं चतुर्थ स्थान पर प्राची देवांगन 94.3प्रतिशत लेकर शाला को गौरवान्वित किया. इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गणित संकाय में 11, कामर्स में 01, जीवविज्ञान में 45 एवं कृषि संकाय में 19 कुल 76 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें 68 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे. परीक्षा परिणाम 91.89 प्रतिशत रहा. प्रथम व श्रेणी में 33, 33, तृतीय श्रेणी में 02 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये. संयुक्त रूप से कक्षा में प्रथम स्थान पर कु.संजना रामटेके 89.4प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर अनुष्ठारानी साहू 87.8प्रतिशत, तृतीय स्थान पर कुमेश्वर 83.2 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान पर चैतन्य कुमार 82प्रतिशत लेकर उत्तीर्ण हुए. छात्र-छात्राओं के इस शानदार सफलता पर शैलजा पाण्डेय् (अध्यक्ष मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति), संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े (सदस्य मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति), संस्था के संरक्षक संतोष कुमार वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधानपाठक पी.एल.बया, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, लाखन साहू, सरिता गोलछा, वीणा साहू, संजू उइके ने शुभकामना देते हुये छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है.

सी.जी.पब्लिक स्कूल का परिणाम सराहनीय

डोंगरगांव (दावा)। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित किये गये बारहवीं व दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में नगर के प्रतिष्ठित संस्था सी.जी.पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किये. कक्षा दसवी बोर्ड (अंग्रेजी माध्यम) की परीक्षा में 27 विद्यार्थी सम्मिलित हुए. जिसमें 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे एवं 7 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. जिसमें प्राची मलगामे 93.16 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान पर रही. इन्होंने विषयवार अंग्रेजी में 97, हिन्दी 92, संस्कृत 93, गणित 98, विज्ञान 96 और सा.विज्ञान 83 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व तेजेश्वनी सिवना 92.83 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में द्वितीय स्थान पर रही. कक्षा बारहवीं बोर्ड(अंग्रेजी माध्यम) की परीक्षा में कुल 19 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 12 प्रथम श्रेणी में एवं 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. इनमें गणित संकाय से मोहित भण्डारी 81 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम व डिकेश्वर यादव 75.6 प्रतिशत लेकर शाला में द्वितीय स्थान पर रहे. इसी प्रकार जीवविज्ञान संकाय से स्वाती जैन 76.4 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम व गजिया कौशर 74 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में द्वितीय स्थान पर रहे.

इसी प्रकार कक्षा दसवी बोर्ड (हिन्दी माध्यम) की परीक्षा में 34 छात्र/छात्राएँ सम्मिलित हुए. जिसमें से 19 प्रथम श्रेणी में एवं 6 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे. शाला में प्रीति साहू 92.83 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान पर रहे. इन्होंने विषयवार हिन्दी में 99, अंग्रेजी 87, संस्कृत 98, गणित 90, विज्ञान 89 और सा.विज्ञान में 98 अंक प्राप्त किया. इसी प्रकार साक्षी वैष्णव 86.66 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में द्वितीय स्थान पर रहे. कक्षा बारहवीं बोर्ड (हिन्दी माध्यम) की परीक्षा में कुल 59 छात्र-छात्राएँ सम्मिलित हुए, जिसमें 31 प्रथम श्रेणी में एवं 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. जिसमें गणित संकाय से कृष यादव व टिकेश कुमार अहीर 89.8 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान व इच्छा रामटेके 81.6 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में द्वितीय स्थान पर रहे. इसी प्रकार जीवविज्ञान संकाय से भूमिका बिंझाले 86.6 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम व गुंजा शर्मा 84.6 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में द्वितीय स्थान पर रहे. इसी प्रकार कॉमर्स संकाय से बालेश्वर पड़ौटी 80.6 प्रतिशत के साथ शाला में प्रथम व सृष्टि शर्मा 77.6 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में द्वितीय स्थान पर रहे. संस्था के सभी सफल छात्र/छात्राओं को संस्था के प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी तथा शिक्षकगण पुनीत राम ठाकुर, सुकाल सिंग साहू, प्रकाश कुमार यादव एवं शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, टेमलाल पटेल, अमन शर्मा, रमनम पटेल, मोहम्मद तैय्यब, कुमेश साहू, अनिल साहू द्वारा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दी है.

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में दसवीं का परिणाम 96 फीसदी

डोंगरगांव (दावा)। शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव के कक्षा दसवीं एवम बारहवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा. इस वर्ष कक्षा दसवीं में कुल 82 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 61, द्वितीय श्रेणी में 17, तृतीय श्रेणी में 1 के साथ कुल 79 बच्चे उत्तीर्ण हुए. 2 छात्र पूरक एवम 1 अनुत्तीर्ण रहा. इस प्रकार कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 96.34 रहा. कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर लुकिता साहू 94.33 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर खुशी देवांगन 92.66 प्रतिशत एवम तृतीय स्थान पर रीतू साहू, रोहन देवांगन और श्रेष्ठा जैन 92.33 प्रतिशत पर रहे.

कक्षा बारहवीं विज्ञान में कुल 42 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 26, द्वितीय श्रेणी में 14 के साथ कुल 40 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जबकि 2 परीक्षार्थियों को पूरक मिला. इस प्रकार कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 95.23 रहा. कक्षा बारहवीं विज्ञान में प्रथम स्थान पर हर्ष वर्मा 82.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर लक्ष्य साहू 80.8 प्रतिशत एवम तृतीय स्थान पर सृष्टि जैन 78.8 प्रतिशत पर रहे.

बारहवीं कामर्स में सभी उत्तीर्ण

कक्षा बारहवीं कॉमर्स में कुल 21 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 8, द्वितीय श्रेणी में 13 के साथ सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए. इस प्रकार कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा. कक्षा बारहवीं कॉमर्स में प्रथम स्थान पर ऋषव जैन 87.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर रमेश राजपूत 85.4 प्रतिशत एवम तृतीय स्थान पर करण देवांगन 84 प्रतिशत पर रहे.

कैरियर गाइडेंस एवं प्रतियोगी परीक्षाओं को रेखांकित किया-जे.के. वैष्णव

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एम ए राजनीतिविज्ञान के छात्र छात्राओं को 08 मई को छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव की अध्यक्षता में कैरियर गाइडेंस, नेट सेट, प्रतियोगी परीक्षाओं आदि की जानकारी दी गई। छात्रसंघ प्रभारी जे.के.वैष्णव ने सेमिनार, अतिथि व्याख्यान को शोधकार्य हेतु आवश्यक बताया। छात्र छात्राओं को स्नातकोत्तर परीक्षा पश्चात रोजगार अवसर हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स देते हुए बी.एड., नेट/सेट आदि परीक्षा की जानकारी देते हुए, आगामी जीवन में कैरियर बनाने महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया। विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षा 17 मई से प्रारंभ होने की जानकारी देते हुए प्रतिदिन अध्ययन करने एवं लिखकर पढ़ने को अपने आदतों में लाने कहा। इस अवसर पर एम.ए. राजनीतिविज्ञान के छात्र योमन मंडावी, गायत्री सेन, पद्मिनी बंजारे, आमनी मेरावी, चरण सिंह, सीमा बंजारे, तोरण साहु, रेवती धुर्वे आदि सहित एम. ए. राजनीतिविज्ञान के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। छात्र दौलत मंडावी एम.ए.फाइनल ने आभार व्यक्त किया।

स्वामी आत्मानंद स्कूल छुरिया की होनहार छात्रा ने टॉप टेन में बनाई जगह

मिला छठवां स्थान, तीनों जिले में प्रथम

छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा दसवीं की होनहार छात्रा कु. वंशिका साहू ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में छठवां स्थान वहीं तीनों जिलों में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर छात्रा एवं परिजनों को लोगों से बधाईयां मिल रही है।

छुरिया की स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की दसवीं की छात्रा कु. वशिका साहू पिता तोरण साहू, ने प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त किया है। उक्त परीक्षा में वंशिका को 97.83 फीसदी अंक मिला है। वहीं तीनों जिलों में प्रथम स्थान पर रही है। उनकी इस सफलता से विद्यालय एवं जिला गौरवान्वित हुआ है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य धनेश सिन्हा एवं सभी शिक्षकों ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया श्रेय

कक्षा दसवीं में प्रदेश में छठवां एवं जिले में प्रथम स्थान पर रही वंशिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरूजनों एवं परिजनों को देते हुए डॉक्टर बनने की इच्छा जाहिर की है। हालेकोसा निवासी उनके पिता तोरण साहू ने कहा कि शुरू से ही वंशिका पढ़ाई में मेघावी एवं होनहार थी। उन्हें पूर्ण विश्वास था कि वह टॉप टेन में सफलता अर्जित करेंगी।

करमतरा स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

दसवीं में 88 तो बारहवीं में 83.60 फीसदी उत्तीर्ण

राजनांदगांव (दावा)। हर बार की तरह इस बार भी शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 10वीं में 88 तो कक्षा 12वीं में 83.60 फीसदी परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। संस्था के प्राचार्य राजेश शर्मा ने सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि किन्हीं कारणों से बोर्ड की परीक्षाओं में विफल कुछ परीक्षार्थी बहुत जल्दी टूट जाते हैं और गलत कदम उठाने की सोचते हैं जो कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा है कि असफलता को इजाजत दें कि वो आपको बड़ा कुछ सिखाए क्योंकि प्रत्येक सूर्यास्त के बाद एक बहुत बड़ा सूर्योदय जरूर होता है। उल्लेखनीय है की छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज दसवीं व बारहवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। संस्था के बोर्ड प्रभारी किसन सिंह सोरी ने बताया कि सत्र 2023-24 में इस संस्था में कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 42 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था जिनमें से 20 प्रथम, 16 द्वितीय व 01 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 3 को इस परीक्षा में असफलता मिली जबकि 02 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। इस तरह कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 88 फीसदी रहा। स्कूल के परिणाम अनुसार चेतन कुमार (91.16) प्रथम, कु. देविका (89.50) द्वितीय व डाकेश कुमार (89) तृतीय स्थान पर रहे। बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं में करमतरा स्कूल का परिणाम 83.60 फीसदी रहा है। इस सत्र में बारहवीं में कुल 61 परिक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 20 प्रथम, 31 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। 10 को पूरक की पात्रता मिली है। कला संकाय में कु. सरिता ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, वाणिज्य में कु. मोनिका (78.60) द्वितीय, व गणित में चेमन कुमार (76.40) पर रहे।

महतारी वंदन योजना की किश्त पंचायत खाते में हो रही थी जमा, पूर्व महिला सरपंच ने खुलवाया था खाता

खैरागढ़ (दावा)। भाजपा सरकार ने चुनाव पूर्व अपने घोषणा में सरकार बनाने के बाद महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए महतारी वंदन योजना के तहत दिए जाने की घोषणा कि थी, जो सरकार बनते ही शुरू कर दी गई है और सभी महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपए डाले जा रहे हैं। मदराकुही की पूर्व सरपंच शकुन बाई पटवा के महतारी वंदन योजना की राशि उसके खाते की बजाए सरपंच रहने के दौरान खुले पंचायत के खाते में आने से महिला परेशान थी, अब कहीं जाकर उस महिला को राहत मिलेगी। परिजनों को इसकी जानकारी होने के बाद आनन-फानन में पंचायत सचिव को इसकी सूचना देने के बाद पंचायत खाते का अपडेट कराने प्रयास जारी है। उक्त महिला की महतारी वंदन योजना की तीनों किश्त की राशि खुद खाते के बजाय पंचायत खाते में पहुंच गई है। यह मामला ब्लॉक के मदराकुही पंचायत का है। पिछले कार्यकाल में सरपंच रही शकुन पटवा द्वारा जिला मुख्यालय स्थित जिला सहकारी बैंक में पंचायत का खाता खुलवाया गया था। सरपंच शकुन पटवा सहित सचिव सुधा वर्मा के द्वारा संयुक्त संचालित होने वाले इस खाते में सरपंच रही शकुन पटवा का आधार लिंक हुआ था। पंचायत चुनाव के बाद मदराकुही में सरपंच बदल गई लेकिन पंचायत सचिव ने उक्त खाते का अपडेट नहीं करवाया था। पूर्व सरपंच शकुन पटवा ने महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन जमा किया। इसमे उन्होंने स्टेट बैंक खैरागढ़ का खाता नंबर दिया था। लेकिन सहकारी बैंक में पंचायत खाते में उनका आधार लिंक होने के चलते योजना में उनका खाता पंचायत वाले खाते में अपडेट हो गया। जिसके कारण महतारी वंदन योजना की पिछले तीन किश्त की राशि पंचायत के खातें में शकुन पटवा के नाम से जमा हो रही है। इधर पूर्व महिला सरपंच सहित परिजन योजना की राशि नहीं मिलने को लेकर हैरान परेशान होकर पंचायत सहित आंगनबाड़ी केन्द्र का चक्कर लगा रहे थे। मई माह में तीसरे किश्त की राशि खाते में समायोजित होने के दौरान महिला के मोबाइल पर इसका मैसेज आया तो खाता नंबर दूसरा था। जिसके बाद इसकी खोजबीन शुरू की गई। तब कहीं जाकर पता चला के पंचायत द्वारा पिछले कार्यकाल में खोले गए खाते में महिला के सरपंच होने के दौरान आधार लिंक होने के चलते राशि स्वयं के खातें की बजाय पंचायत खाते में ही जमा हो रही है। पूर्व सरपंच शकुन पटवा के परिजन सहकारी बैंक पहुंचे और पंचायत खाते से महिला के आधार लिंक को आवेदन देकर निरस्त कराया। पंचायत सचिव को इसकी जानकारी दी। अब चौथे किश्त की राशि महिला के खातें में अगले माह से आएगी। पूर्व सरपंच शकुन पटवा ने बताया कि जानकारी के बाद इसकी सुधार कराया गया है। अगले महिने से चौथा किश्त खुद के खाते में आने की जानकारी है।

क्षत्रियों ने मनाई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

गंडई पंडरिया (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महासभा के द्वारा क्षत्रिय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार की सुबह 11 बजे महाराणा प्रताप चौक ए मार्केट गंडई में मनाई गई। समाज जनों ने महाराणा प्रताप के मूर्ति का पूजन किया। पुष्प हार के साथ तिलक लगाया एक दूसरे को बधाइयाँ दी। और उनके विचारो को अपने जीवन मे उतारने का संकल्प लिया। इसके पश्चात उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पराक्रम व अंतिम सांस तक मातृभूमि की सेवा में अपने जीवन को समर्पित करने पर याद किया गया। सामाजिकजनो ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा की मेवाड़ के राजा, महान योद्धाओं और शासकों में से एक है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 में राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। 9 मई को महान राजा महाराणा प्रताप की जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। मेवाड़ शासक को सबसे बहादुर राजपूत योद्धाओं में से एक माना जाता था और वह मुगलों के खिलाफ अपनी यादगार लड़ाइयों के लिए जाने जाते थे। 9 मई के दिन को उनकी वीरता और साहस को याद करते हुए जश्न के तौर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम में संजय राजपूत, शिव ठाकुर, संतोष ठाकुर, रणजीत चंदेल, दिनेश बैश, विष्णु चंदेल, राकेश ठाकुर, सुनील ठाकुर, जय ठाकुर और समाज के लोग उपस्थित रहें।

दो साल से कंडम पड़ी 35 लाख की कम्पोस्ट मशीन से अब तैयार करेंगे खाद

नगरीय प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद जंग खाते पड़ी कम्पोस्ट खाद मशीन की मरम्मत कर शुरू

खैरागढ़ (दावा)। दो साल पहले नगरीय प्रशासन के द्वारा कांग्रेस शासन काल में लगाई गई, कम्पोस्ट खाद मशीन की आई याद, किया निरीक्षण, जंग खाते मशीन की कराईं जा रही मरम्मत, अब शहर के धरमपुरा में शहर से निकलने वाले गीले कचरें को कम्पोस्ट कर खाद बनाने दो साल पहले लगाई गई कम्पोस्ट मशीन को अब शुरू किया जाएगा। दो साल पहले 35 लाख की लागत से पालिका द्वारा खरीदी गई कम्पोस्ट मशीन धरमपुरा गार्डन के बाजू में लगाए जाने के बाद से सड़ रही थी।। दो दिन पहले नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने शहर में निरीक्षण के दौरान इस मशीन को भी देखा और नगरपालिका अधिकारियों को इसे मरम्मत करवाकर शुरू करने के निर्देश दिए। दो साल से लगाए जाने के बाद बारिश धूल सहित अन्य कारणों से कम्पोस्ट मशीन पूरी तरह जंग खा चुकी है। पालिका के तत्कालीन अधिकारियों ने इसे लगाने के बाद इसकी तरफ झांक कर भी नही देखा था। पक्ष विपक्ष ने हालकि समय समय पर इसके मुददे उठाते रहे। लेकिन इस मशीन की जानकारी किसी को पूर्ण रूप से नही होने के चलते पालिका अधिकारी हाथ खींचते रहे।

मरम्मत के बाद शुरू होगा काम

नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों के शहर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इस कम्पोस्ट मशीन का मुआयना किया। मौके पर नपा सीएमओ प्रमोद शुक्ला, उपअभियंता दीपाली तंबोली सहित कर्मी मौजूद रहे। कम्पोस्ट मशीन की मरम्मत कर इसे तत्काल शुरू करने के निर्देश अधिकारियों ने दिए। इसके बाद इस मशीन निर्माण कंपनी के इंजीनियर मौके पर पहुंचे और मशीन की मरम्मत सहित अन्य सामानों की लिस्ट बनाकर इसकी मरम्मत कराने कार्यवाही शुरू की। पूणे की कंपनी से खरीदी गई इस कम्पोस्ट मशीन के कई पार्टस रखे रखे चोरी हो गए हैं और कई काम करना बंद कर दिया हैं। अब इसकी मरम्मत के लिए इसके कई पार्टस फिर से मंगाए गए हैं। इसके आने के बाद इसकी मरम्मत होगी शुरू।

शहर के गीले कचरे से बनेगा खाद

धरमपुरा में लगाए गए 35 लाख के कम्पोस्ट मशीन की मरम्मत कार्य शुरू होने के बाद शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दौरान निकलने वाले गीले कचरे का उपयोग कर इस मशीन से कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जाएगा। इसका संचालन एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदीयाँ ही करेंगी। दो साल पहले इसी कार्य के लिए मशीन की खरीदी की गई थी। लेकिन तत्कालीन अधिकारियों की लापरवाही के चलते मशीन फीट होने के बाद कचरे में पड़ी थी। इसके चलते इसमें जंग लगने के साथ-साथ इसके कई पार्टस चोरी हो गए अब नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने इसे आनन फानन में चालू करने के निर्देश दिए है। जिसके बाद पालिका प्रशासन इसकी शुरूआत करने में जुट गया है।

> शहर के धरमपुरा वार्ड में लगाए गए कम्पोस्ट मशीन का निरीक्षण विभागीय अधिकारियों ने किया है। इसकी मरम्मत कर इसे त्वरित रूप से शुरू करने निर्देश दिए है। मरम्मत के बाद सप्ताह भर में ही कम्पोस्ट मशीन को शुरू किया जाएगा।
>
> **- प्रमोद शुक्ला, सीएमओ नगरपालिका परिषद खैरागढ़**

मनगटा जंगल में फैल रहा बदबू, दुर्ग शहर से ला रहे गंदगी

जानवरों में बीमारी फैलने का खतरा

टेड़ेसरा (दावा)। जिले से महज 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित मनगटा जंगल में दुर्ग शहर से लाया जा रहा गंदगी पूरे मनगटा जंगल में बदबू का आलम पसरा हुआ है। जबकि शासन के द्वारा मनगटा जंगल में वन चेतना नकेंद्र के नाम से पर्यटन स्थल बनाया गया है। जहां रोजाना घूमने के लिए सैलानी आते रहते हैं। गंदगी एवं बदबू के कारण जंगलों के लिए जानवरों को भी भारी नुकसान एवं बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। इसी मनगटा जंगल में हिरण भारी मात्रा में विचलन करते रहते हैं। जंगल की ओर शासन-प्रशासन को ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। पूर्व में खदान ठेकेदारों के द्वारा पूर्व में पत्थर की खुदाई किया गया था। जिसे पाटने के लिए दुर्ग से गंदायुक्त मलमा को लाया जा रहा है। जिसके वजह से पूरे जंगल का वातावरण प्रदूषित हो चुका है। क्षेत्र के लोग भी इस बदबूदार गंदगी से काफी परेशान हो चुके हैं। यहां तक की आसपास के गांव में भी बीमारी व डायरिया फैलाने की आसन का हो रही है। इस तरह की गंदगी को तुरंत ही एक्शन कड़ी करवाई किया जाना चाहिए।

> जंगल में अगर गंदगी फैला रहे हैं, उसे संज्ञान में लिया जाएगा। इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारी को संज्ञान में लेने के लिए बोलता हूं
>
> **- संजय अग्रवाल, कलेक्टर राजनांदगांव**

विराट कोहली के बाद आरसीबी के गेंदबाजों ने दिखाया दम, पंजाब को मिली एक और हार

आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 60 रनों से हराया

धर्मशाला 09 मई (वार्ता) विराट कोहली (92), रजत पाटीदार (55) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद गेंदबाजो के शानदार प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 58वें मैच में पंजाब किंग्स को 60 रनों से हराकर प्ले ऑप से किया बाहर कर दिया है।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ओवर में ही कप्तान फाफ डुप्लेसी (9) का विकेट गवां दिया। उन्हें विधवत कावेरए?पा ने आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में विधवत कावेरए?पा ने विल जैक्स (12) को भी शशांक के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 76 रनों की साझेदारी की। पाटीदार ने 23 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 55 रन बनाये। वहीं विराट कोहली ने 47 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए 92 रनों की पारी खेली। दिनेश कार्तिक (18), महिपाल लोमरोर (शून्य) पर आउट हुये। कैमरन ग्रीन 27 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (46) रन बनाये। उन्हें आखिरी गेंद पर हर्षल ने आउट किया। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 241 रनों का स्कोर खड़ा किया।

पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। विधवत कावेरप्पा ने दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और सम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

242 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में प्रभसिमरन सिंह (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रूसो ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 65 रनों की साझेदारी हुई। छठे ओवर में बेयरस्टो 16 गेंदों (26) रन बनाकर आउट हुये। राइली रूसो ने 27 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए सर्वाधिक 61 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 19 गेंदों में (37), जितेश शर्मा (5), लियम लिविंगस्टंग (शून्य) , कप्तान सैम करन 16 गेंद में (22), आशुतोष शर्मा (8), हर्षल पटेल (शून्य) और अर्शदीप सिंह चार रन बनाकर आउट हुये। राहुल चाहर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद सिराज ने आखिर तीन विकेट झटकते हुए पंजाब किंग्स की पूरी टीम 17ओवर में 181 रन पर सिमटते हुये अपनी टीम को 60 रनों से जीत दिला दी।

आरसीबी की ओर से मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट लिये। स्वप्रिल सिंह और लॉकी फर्ग्युसन और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये।

पहला कॉलम...

आतंकियों ने की गोलीबारी, सात मजदूरों की मौत

ग्वादर। पाकिस्तान के बलूचिस्तान के ग्वादर में बुधवार को आतंकी हमले में सात मजदूर मारे गए। यह आतंकी हमला ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास कुछ इमारत पर हुआ। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने रात में सो रहे मजदूरों पर गोलियां चलाई जिसकी वजह से सात बेगुनाहों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक और घायल पंजाब के साहीवाल के रहने वाले हैं। मृतकों के शवों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है।इससे पहले 1 मई को पंजाब के तौंसा शरीफ जिले में एक पुलिस चेकपोस्ट पर आतंकवादियों के हमले में कम से कम सात पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। यह घटना जिले में दो महीने के भीतर चौकी पर दूसरा हमला है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आतंकियों ने वाहोवा, डेरा गाजी खान स्थित झांगी चेकपोस्ट पर हमला किया। सात घायल पुलिसकर्मियों को चिकित्सा सहायता के लिए तौंसा शरीफ टीएचक्यू अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने झांगी चौकी पर आतंकी हमले की कोशिश की पुष्टि की है।

ट्रक और यात्री वैन के बीच टक्कर, 9 लोगों की मौत

बीजिंग। उत्तर-पश्चिमी चीन के निंगज़िया क्षेत्र में से एक दर्दनाक खबर सामने आ रही है। गुरुवार सुबह एक राजमार्ग पर एक ट्रक अचानक एक यात्री वैन से टकरा गया। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। सरकारी स्वामित्व वाली निंग्ज़िया डेली के अनुसार, क़िंगटोंगज़िया शहर के बाहर सुबह 7.40 बजे हुई दुर्घटना में दो अन्य घायल हो गए। अस्पताल में घायल लोगों की हालत स्थिर है। एक अधिकारी ने राज्य मीडिया को बताया कि मृतकों में वैन का चालक भी शामिल है, जबकि ट्रक चालक को आपातकालीन चिकित्सा देखभाल मिल रही है। स्थानीय मीडिया फुटेज में दिखाया गया है कि वैन का अगला हिस्सा नष्ट हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि वे दुर्घटना के कारण की जांच कर रहे हैं।

बॉयफ्रेंड ने गर्लफ्रेंड को 6 चाकुओं से 17 बार किया वार

नई दिल्ली। हत्या की एक ऐसी वारदात जिसके बारे में सुन कर किसी का भी दिल दहल उठेगा. ये कहानी है एक 10 साल की लड़की की फेमस मॉडल मां और उसके बॉयफ्रेंड की. इन्होंने साथ जीने मरने की कस्में खाई. जिंदगी भर साथ रहने का वादा किया, लेकिन क्या पता था कि जिस इंसान के साथ जीवन भर साथ रहने के सपने देखे थे वही एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जाएंगे और एक दिन बॉयफ्रेंड अपनी गर्लफ्रेंड की 6 चाकुओं से वार कर हत्या कर देगा. ये कहानी है मेलबर्न में रहने वाले स्वेन लिंडमेन और जानी-मानी मॉडल मोनिक लेजास्क की. ये दोनों साथ में एक ही घर में रहते थे. दोनों के बीच बेशुमार प्यार था.

मोनिक की तो 10 साल की बेटी भी थी. ये दोनों की फिटनेस को लेकर काफी एक्टिव रहते थे. दोनों को देख कर लगता था कि दोनों एक दूसरे के लिए ही बने हैं, लेकिन समय बदलते देर नहीं लगती. एक दिन आया और स्वेन ने मोनिक की अलग-अलग छह चाकुओं से 17 बार वार कर हत्या कर दी. वह उसपर तबतक वार करता रहा, जब तक मोनिक की सांसे चल रही थी.

शेयर बाजार में आई गिरावट

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार विदेशी निवेशकों की भारी

बिकवाली के चलते फिर बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ है. बीएसई सेंसेक्स 73000 के आंकड़े के नीचे तो निफ्टी 22000 के नीचे जा फिसला है. मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी मातम छा गया है. इंडिया ड्ढद्ब 3 7 फीसदी के करीब गिरावट के साथ एक साल के उच्च स्तर पर जाकर क्लोज हुआ है. आज का कारोबार खत्म होने पर सेंसेक्स 1062 अंकों की गिरावट के साथ 72,404 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 345 अंकों की गिरावट के साथ 21,957 अंकों पर बंद हुआ है.

शेयर बाजार में आए इस सुनामी के चलते निवेशकों को आज के सत्र में 7 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 393.68 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो कि पिछले कारोबारी सत्र में 400.69 लाख करोड़ रुपये था. आज के कारोबारी सत्र में 7 लाख करोड़ रुपये का निवेशकों को नुकसान हुआ है. आज के ट्रेड में कुल 3943 शेयरों में ट्रेडिंग हुई जिसमें 929 शेयर तेजी के साथ बंद हुआ है जबकि 2902 गिरकर क्लोज हुआ है. 112 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है.

हार्दिक की कप्तानी से खुश नहीं सीनियर्स प्लेयर्स?

नई दिल्ली। ह्रार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2024 खेल रही है. सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हुए इस सीजन के 57वें मैच को जैसे ही पैट कमिंस की टीम ने जीता, मुंबई इंडियंस की टीम टूर्नामेंट से आधिकारिक तौर पर बाहर हो गई. मुंबई आईपीएल 2024 से बाहर होने वाली पहली टीम भी बन गई. टीम का इस सीजन बेहद ही घटिया प्रदर्शन रहा है और 12 मुकाबलों में से सिर्फ 4 ही जीते हैं. ह्रार्दिक पांड्या की कप्तानी को लेकर भी सवाल ख? हुए हैं. अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई हैं कि ह्रार्दिक की कप्तानी शैली से टीम के सीनियर प्लेयर्स खुश नहीं है. उन्होंने चिंता भी व्यक्त की है.

सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को हराकर पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया. रिपोर्ट्स की मानें तो टीम के कुछ सीनियर प्लेयर्स ने हार्दिक पांड्या

की कप्तानी की शैली को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है, जिससे टूर्नामेंट के दौरान टीम के प्रदर्शन पर भी असर डाला है. इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे सीनियर प्लेयर्स ने हार के बाद एक बैठक की जिसमें खिलाड़ियों ने व्यक्त किया कि क्या समस्याएं हैं और समस्याएं जानने के लिए व्यक्तिगत मीटिंग भी आयोजित की गईं.

बता दें कि मुंबई इंडियंस पिछले एक दशक से रोहित शर्मा के नेतृत्व में आईपीएल खेल रही है और एक नए कप्तान के आने से ड्रेसिंग रूम में खलबली मचना तय है. मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने इस सीजन में टीम के संघर्ष के लिए ब? बदलाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें वे अभी हैं. अधिकारी ने कहा, ये उस टीम के लिए नियमित शुरुआती समस्याएं हैं जो लीडरशिप बदलने के बाद दिखती हैं. स्पोर्ट्स में यह हर समय होता है.

हार्दिक पांड्या का इस सीजन में कप्तानी के अलावा बल्ला भी नहीं चला है. उन्होंने 12 मैचों में 198 रन बनाए हैं. कई मौकों पर जब टीम को उनसे एक आतिशी पारी की उम्मीद थी, ऐसा खेलने में वह विफल रहे हैं. उनके बल्ले से इस सीजन में एक भी अर्धशतक नहीं निकला है. इतना ही नहीं, वह गेंदबाजी में भी कुछ खास नहीं कर सके हैं. मुंबई इंडियंस को अभी इस सीजन में दो और मैच खेलने हैं. 11 मई को कोलकाता नाइटराइडर्स और 17 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई का मैच है.

केएल राहुल छोड़ देंगे लखनऊ का साथ?

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच हुआ. इस मुकाबले में लखनऊ को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा. बल्लेबाजों की मददगार पिच पर लखनऊ ने पहले खेलने के बाद सिर्फ 165 रन बनाए. जवाब में हैदराबाद ने 10 ओवर के अंदर 10 विकेट से मैच जीत लिया. मैच के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका कप्तान केएल राहुल से अलग तेवर में बातचीत करते दिखे. संजीव गोयनका के इस व्यवहार से केएल राहुल के फैंस काफी नाराज हैं. वे राहुल को लखनऊ की टीम छोड़ने तक की सलाह दे रहे हैं.

हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ के प्रदर्शन को देखते हुए टीम के मालिक नाखुश जरूर होंगे, लेकिन उन्होंने मैदान पर कप्तान के साथ जिस तरह सब के सामने निराशा जाहिर की, उससे राहुल के फैंस काफी खफा हैं. केएल राहुल और क्रिकेट को चाहने वाले तमाम लोग संजीव गोयनका की जमकर आलोचना कर रहे हैं.

कई फैंस का मानना है कि लखनऊ के मालिक को इंतजार करना चाहिए था और ये बातचीत ड्रेसिंग रूम में या फिर किसी अन्य जगह पर होनी चाहिए थी. इस तरह आक्रामक होकर सब के सामने बात करना केएल राहुल का अपमान करना है. लोग राहुल से लखनऊ का साथ छोड़ने की।

नीरज चोपड़ा दोहा में करेंगे सीजन की शुरुआत

नई दिल्ली। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा गुरुवार से अपने सीजन की शुरुआत करने वाले हैं। दोहा में होने वाली डायमंड लीग उनकी सीजन की पहली प्रतियोगिता है। नीरज के अलावा एशियन गेम्स मेडलिस्ट किशोर जेना भी दोहा लीग में हिस्सा लेंगे। जेना पहली बार डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। जुलाई में होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले यह प्रतियोगित दोनों खिलाड़ियों के लिए काफी अहम है।

इस लीग में 10 जैवलिन थ्रोअर हिस्सा लेंगे। नीरज और जेना का सामना यहां पूर्व वर्ल्ड चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। यूरोपीय चैम्पियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी लीग में उतरेंगे। चोपड़ा पिछली बार दोहा लीग में पहले स्थान पर रहे थे। 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था।

दोहा की बात करें तो यहां पीटर्स ने 2022 में 93.07 मीटर का थ्रो फेंका था। टोक्यो ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट वालेश ने 2023 डायमंड लीग जीती थी। उन्होंने दोहा में 2022 में उन्होंने 90.88 मीटर का थ्रो फेंका था। चोपड़ा ने डायमंड लीग के तीन अलग-अलग चरण जीते हैं और 2022 में चैम्पियंस ट्रॉफी हासिल की थी। 2022 के फाइनल में उन्होंने 88.44 मीटर की थ्रो फेंकी थी। वह पिछले साल अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे।

एक बार फिर भारत के समर्थन में आया रूस

नई दिल्ली। रूस एक बार फिर खुलकर भारत के समर्थन में आ गया है। खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामले में ना सिर्फ उसने अमेरिका को करारा जवाब दिया है बल्कि उससे इस मामले में सबूत भी मांगे हैं। रूस ने पन्नू की हत्या के प्रयास की साजिश के मामले में भारत पर लगातार निराधार आरोप लगाने के लिए अमेरिका को आड़े हाथों लिया है। इस मामले में रूस के विदेश मंत्रालय की ओर से भारत पर लगाए आरोपों को खारिज करते हुए कहा गया कि वॉशिंगटन ने अभी तक इस मामले में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं दिया है।

पन्नू की हत्या के मामले में अमेरिकी अखबार द वाशिंगटन पोस्ट ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए कथित साजिश के संबंध में भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी का नाम लिया था। इस रिपोर्ट में कहा गया कि रॉ अधिकारी विक्रम यादव ने गुरपतवंत सिंह पन्नू को च्राइमरी टार्गेटज् के रूप में चिह्नित किया। उन्होंने इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए एक हिट टीम भी तैयार की। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद भारत की ओर से भी इन आरोपों की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया।

रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा की ओर से इस मामले में कहा गया है कि अमेरिका भारत में आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने और आम चुनावों को जटिल बनाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन में भारत की राष्ट्रीय मानसिकता और इतिहास की सरल समझ का अभाव है, क्योंकि अमेरिका धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में निराधार आरोप लगाता रहता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस मामले में सिर्फ अटकलों को अवाला दिया है। कोई ठोस सबूत अभी तक नहीं दिया गया है।

पिछले साल अमेरिका में गुरवतवंत पन्नू का एक्सीडेंट हुआ था। इस मामले में अमेरिका ने पिछले साल जून में निखिल गुप्ता नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था।

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से पांच महिलाओं सहित सात की मौत

शिवकाशी (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में शिवकाशी के पास एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट हुआ। इस दौरान पांच महिलाओं सहित सात लोगों की मौत की खबर है। जानकारी के मुताबिक शिवकाशी के एक पटाखा फैक्ट्री में यह हादसा हुआ है। ये ब्लास्ट इतना जोरदार था कि घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार और तेज धमाके की आवाज सुनाई दी।

प्रथम पेज का शेष

0 छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी ...

मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में 3 लाख 45 हजार 686 परीक्षार्थी पंजीकृत हुये। इनमें से 3 लाख 40 हजार 220 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3 लाख 39 हजार 994 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 2 लाख 57 हजार 072 है। इस प्रकार 75.61 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 79.35 तथा बालकों का प्रतिशत 71.12 रहा। घोषित परीक्षा परिणाम में प्रथम श्रेणी में 1 लाख 17 हजार 519 (34.56 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में 1 लाख 23 हजार 386 (36.29 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में 16 हजार 165 (4.75 प्रतिशत) विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। पास श्रेणी में 02 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 19 हजार 012 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। विभिन्न कारणों से 226 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गये हैं, जिनमें 15 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गये हैं तथा 205 परीक्षार्थी का पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किये गये हैं तथा 06 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है।

हाईस्कूल में 80.74 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में 3 लाख 30 हजार 681 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये थे। सम्मिलित परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 75.05 था। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में पंजीकृत 2 लाख 61 हजार 077 परीक्षार्थियों में से 2 लाख 58 हजार 704 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 2 लाख 08 हजार 789 है यानी कुल 80.74 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें बालिकाओं का प्रतिशत 83.72 तथा बालकों का प्रतिशत 76.91 है। इसमें प्रथम श्रेणी में 88 हजार 101 (34.07 प्रतिशत), द्वितीय श्रेणी में 1 लाख 09 हजार 185 (42.22 प्रतिशत) तथा तृतीय श्रेणी में 11 हजार 498 (4.45 प्रतिशत) परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। पास श्रेणी में 05 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पूरक की पात्रता 22 हजार 232 परीक्षार्थियों को मिली है।

0000000

0 महादेव सट्टा ऐप..छत्तीसगढ़ में 29 जगहों पर....

रायपुर में 07, बलौदाबाजार में 02, रायगढ़ एवं कांकेर 1-1 स्थान पर कुल 29 स्थानों एवं उनसे संबंधित प्रतिष्ठानों पर छापे की कार्रवाई की गई. तलाशी में महादेव ऐप से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज, हवाला से संबंधित पर्चियां, बैंकों से सबंधित कागजात एवं अन्य संदेहास्पद दस्तावेज बरामद हुए, जिनका परीक्षण किया जा रहा है.

ईओडब्ल्यू ने हवलदार का घर किया सील

महादेव सट्टा ऐप से जुड़े मामले में ईओडब्ल्यू ने चारामा, कांकेर में हवलदार विजय पाण्डेय के बंगले को सील कर दिया है. विशेष न्यायालय रायपुर ने उनके मकान की तलाशी का वारंट 30 अप्रैल को जारी किया था. आज सर्च टीम ने गवाहों के सामने उनके घर को सील किया.

000000

0 नफरत नहीं, नौकरी चुनो, चौथे चरण...

कुल सात चरणों में मतदान होना है, जिसके बाद 4 जून को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

हैदराबाद में आज राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा, आरएसएस ने साफ कह दिया है कि अगर वे चुनाव जीतेंगे तो हिंदुस्तान के संविधान को बदल देंगे, उसे रद्द कर देंगे। हिंदुस्तान का संविधान हिंदुस्तान के गरीब लोगों की किताब है, यह उन्हें अधिकार देता है। भाजपा के नेता जब संविधान को बदलने, उसे रद्द करने की बात करते हैं तो सिर्फ गरीब जनता पर नहीं बल्कि देश की आत्मा पर आक्रमण करते हैं।

00000

0 सहकारी समिति से किसानों को कृषि ...

देखते हुए ही किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी किया है। अब आने वाले 5 वर्षों तक वह किसानों से 21 क्विंटल धान नहीं खरीदना चाहती। इसीलिए अब वह सरकारी समितियां के माध्यम से मिलने वाली सहायता को भी कम कर रही है ताकि किसान आर्थिक संकट से परेशान रहे और खेती किसानी न कर पाए।

टी20 विश्व कप में दहाड़ेंगे श्रीलंका के ये 15 शेर, वानिंदु हसरंगा करेंगे कप्तानी

नई दिल्ली। श्रीलंका ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपने स्क्वॉड का एलान कर दिया है। वानिंदु हसरंगा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। बाएं पैर में एडी दर्द के कारण खेल से दूर थे।

हसारंगा इस साल आईपीएल भी नहीं खेले। वे सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा थे, लेकिन उनकी फिर से मैदान पर वापसी हुई है।

आईपीएल के कई खिलाड़ियों को स्क्वॉड में मौका

वानिंदु हसारंगा ने टी20 अभ्यास मैचों में खेला है। स्ष्ट येलो के लिए नौ और 28 रन बनाएं। हालांकि गेंदबाजी में हाथ नहीं आजमाया। श्रीलंका ने अपने स्क्वॉड में अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया है। एंजेलो मैथ्यूज भी टीम का हिस्सा है। हैमस्ट्रिंग इंजरी का सामना कर रहे मथीशा पथिराना भी विश्व कप टीम में शामिल हैं। उन्हें हाल ही में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स का साथ छोड़ना पड़ा था।

दिलशान मदुशंका की होगी वापसी

चोट से जूझ रहे दिलशान मदुशंका भी ठीक हो गए थे। उन्हें इंजरी के चलते आईपीएल मिस करना पड़ा। वे मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। टीम में मैथ्यूज के साथ दसुन शनाका और धनंजय डिसिल्वा को लिया गया। श्रीलंका टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप डी में है। उनका सामना बांग्लादेश, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड्स से होगा।

पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के साथ

श्रीलंकाई टीम अपना पहला मुकाबला 3 जून को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद 8 जून को बांग्लादेश से मैच खेंलगे। उनके आखिरी दो ग्रुप मैच में 12 जून को नेपाल और 18 जून को नीदरलैंड्स का सामना करना होगा।

श्रीलंका टी20 विश्व कप 2024 स्क्वॉड

वनिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलंका (उपकप्तान), कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कमिंदु मेंडिस, सदीरा समराविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, दसुन शनका, धनंजय डीसिल्वा, महीथ थीक्षणा, दुनिथ वेल्लालगे, दुश्मांता चमीरा, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, दिलशान मदुशंका।

रिजर्व खिलाड़ी- असिता फर्नांडो, विजयकांत वियासकांत, भानुका राजपक्षा, जनिथ लियानगे।

संजू सैमसन को बीसीसीआई ने दी कड़ी सजा

नई दिल्ली। संजू सैमसन को आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद बीसीसीआई ने बड़ी सजा दी है। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान पर मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के बाद आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 30त्न जुर्माना लगाया गया है। दरअसल, मैच के दौरान संजू के शॉट लगाया और बाउंड्री पर खड़े शाई होप ने इसे पकड़ लिया। ऐसे लगा कि होप का पैर बाउंड्री लाइन को छू गया, लेकिन तीसरे अंपायर ने आउट करार दिया। आउट होने के बाद संजू सैमसन ने अंपायर से बहस कर ली। जिससे उन्हें नुकसान हुआ है। उन्हें IPL के कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने की कड़ी सजा मिली है। क्ष्ष्टष्ठ ने कहा कि संजू ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है। मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली।

2050 तक पैदा हो जाएगा ये बड़ा खतरा, हर साल 1 करोड़ लोगों की हो सकती है मौत

पूरी दुनिया में तबाही मचाने के बाद अब कोरोना के साइड इफेक्ट सामने आ रहे हैं। हाल ही में कोविड-19 की वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर खूब चर्चा हुई। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन यानि डब्ल्यूएचओ ने कोरोना के दौरान दी गई एंटीबायोटिक्स दवाओं के ओवरडोज को लेकर खतरा जताया है।

डब्ल्यूएचओ के एक नए रिसर्च में सामने आया है कि कोविड ट्रीटमेंट में दी गई एंटीबायोटिक्स ने सुपरबग यानि एंटिबाइक्रोबियल रेजिस्टेंस को तेजी से फैलाने का काम किया है।

एएमआर एक प्रतिकूल क्षमता है जो शरीर में ज्यादा एंटीबायोटिक्स जाने से पैदा होती है। इससे एक समय के बाद शरीर पर एंटीबयोटिक दवाओं का असर कम होने लगता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि बिना जरूरत के एंटीबायोटिक्स देने से फायदे की जगह नुकसान होता है।

कोविड में बिना वजह दी गईं एंटीबायोटिक्स

डब्ल्यूएचओ की ओर से 2020 से 2023 के बीच करीब 65 देशों में कोविड की वजह से भर्ती हुए करबी साढ़े चार लाख लोगों पर ये रिसर्च किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो जितने लोग कोरोना की वजह से अस्पतालों में भर्ती हुए थे उनमें से सिर्फ 8 प्रतिशत मरीजों को बैक्टीरियल इंफेक्शन हुआ था। ऐसे लोगों को एंटीबायोटिक्स की जरूरत थी। जबकि सावधानी की वजह से 75 प्रतिशत मरीजों को भी एंटीबायोटिक दवाएं दे दी गईं। सबसे ज्यादा एंटीबायोटिक उन मरीजों को दी गईं जिनमें कोविड के लक्षण बहुत ज्यादा थे। हालांकि मीडियम और कम लक्षण वाले लोगों को भी एंटीबायोटिक दवाएं दी गई थीं।

सुपरबग है सबसे बड़ा खतरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो आने वाले सालों में सुपरबग यानि जब शरीर पर एंटीबायोटिक दवाएं असर करना बंद कर देंगी, सबसे बड़ा खतरा पैदा होगा। आंकड़ों की मानें तो 2019 में सुपरबग की वजह से करीब 12.7 लाख लोगों की जान गई और ये सिलसिला यू ही चलता रहा तो 2050 तक हर साल 1 करोड़ लोगों को जान गंवानी पड़ सकती है।

जल्दी वेट लॉस के चक्कर में कहीं आप भी तो नहीं कर रहे ऐसी गलतियां

3. बिना डाइटिशियन की सलाह के कुछ भी खाना

वजन कम करना किसी चैलेंस से कम नहीं होता है. वेट लॉस के चक्कर में कई बार लोग कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उनका वजन घट नहीं पाता है. वजन कम करना काफी मुश्किल काम होता है. बदलती लाइफस्टाइल और गड़बड़ खानपान के दौर में यह काफी चुनौती वाला काम है. वेट लॉस के लिए लोग एक्सरसाइज करने से लेकर डाइट तक में सुधार करते हैं. कुछ लोग जो कड़ी मेहनत भी करते हैं लेकिन इस चक्कर में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसका उल्टा ही असर हो सकता है. आज हम आपको ऐसी ही 5 गलतियां बता रहे हैं, जिन्हें वेट लॉस करने के दौरान नहीं करना चाहिए.

1. भूखे रहने की गलती

बहुत से लोग जल्दी से फिट होने के लिए ब्रेकफास्ट या डिनर स्किप करते हैं. इस तरह वे कैलोरी इनटेक कम करने की कोशिश करते हैं लेकिन ऐसा करने से वजन कम होने की बजाय बढ़ सकता है. इसलिए हमेशा समय पर खाना चाहिए और भरवे रहने से बचना चाहिए.

2. कोई भी डाइट न लें

वेट लॉस के लिए हमेशा बैलेंस डाइट का होना ही अनिवार्य है. अगर आप अनहेल्दी फूड्स लेते हैं तो इसके नुकसान हो सकते हैं. कुछ लोग डाइट को लेकर बिल्कुल भी सावधान नहीं होते हैं और कुछ भी कितनी भी मात्रा में खा लेते हैं, जो सही नहीं माना जाता है. वेट लॉस के लिए न ज्यादा खाना चाहिं और ना ही बहुत कम. थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खाना और कभी-कभी व्रत रखना ठीक माना जाता है.

हेल्दी वेट लॉस के लिए हमेशा सही डाइटिशियन की सलाह लेनी चाहिए. अच्छे डाइटिशियन या न्यूट्रिशन आपको गलत खाने से रोकते हैं और हेल्दी डाइट चार्ट बनाकर देते हैं. जिससे आप सही तरह अपना वजन लॉस कर सकते हैं.

4. शॉर्टकट न अपनाएं

जल्दी वेट लॉस के चक्कर मेंकभी शॉर्टकट तरीका नहीं अपनाना चाहिए. इससे हेल्थ को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है. वेट लॉस एक प्रक्रिया है, जिसे धीरे-धीरे और हेल्दी तरीके से पूरा करना चाहिए. मैसिव वेट कम करने के चक्कर में बुरी तरह बीमार पड़ सकते हैं.

5. बड़ा पोर्शन मील न लें

वजन कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं तो हमेशा मील के पोर्शन साइज का ध्यान रखें. बहुत कम या ज्यादा खाने की बजाय दिन में थोड़ा-थोड़ा खाएं और कई बार खाएं. इससे नुकसान नहीं होता और वजन सही तरह कम होता है.

हमारा शरीर कितनी गर्मी झेल सकता है?

इंसान की गर्मी या सर्दी सहन करने की एक सीमा होती है. हमारा शरीर एक निश्चित सीमा तक ही गर्मी झेल सकता है. यदि तापमान अधिकतम से अधिक हो तो दिक्कतें होने लगती हैं. आइये जानते हैं कि इंसान शरीर कितनी गर्मी सहन कर सकता है.

मई और जून की गर्मी झेलना आसान नहीं है. खासकर नॉर्थ इंडिया में भीषण गर्मी पड़ रही है. भीषण गर्मी से इंसान तो इंसान से लेकर जानवर-पक्षी सभी परेशान हो रहे हैं. गर्म हवाएं और तेज धूप शरीर का सारा पानी सोख लेती है

गर्मियों के दौरान डॉक्टर लू से बचने के लिए जितना संभव हो उतना पानी पीने की सलाह देते हैं. हालांकि कई बार पानी का असर बेअसर भी हो जाता है. अब सवाल यह उठता है कि मानव शरीर कितना तापमान सहन कर सकता है? आइए जानते हैं इस पर वैज्ञानिकों और डॉक्टरों की क्या राय है.

डॉक्टरों के मुताबिक इंसान का शरीर 37.5 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान झेल सकता है. गर्मी हो या सर्दी, शरीर के अंदर का टेंपरेचर 37.5 डिग्री सेल्सियस पर बनाए रखने का काम करता है. दिमाग के पीछे का भाग जिसे हाइपोथैलेमस कहा जाता है. शरीर के अंदर के तापमान को कंट्रोल करने का काम करता है.

इंसान का शरीर 37.5 डिग्री सेल्सियस तक ठीक से काम करता है. अगर तापमान 2-4 डिग्री ऊपर-नीचे हो तो शरीर को ज्यादा दिक्कत नहीं होती. लेकिन अगर इससे ज्यादा हो तो दिक्कत बढ़ सकती है.

कोई इंसान कद में लंबा होगा या छोटा शरीर में ये कैसे तय होता है?

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की रिपोर्ट के अनुसार, अगर किसी बच्चे के शरीर में विटामिन डी की कमी है तो उसके शरीर के विकास में रुकावट पैदा हो सकती है.

कैसे बढ़ती है लंबाई

अपने आसपास देखने पर आप पाएंगे कि इस समाज में अलग-अलग रंग के रूप के और शारीरिक बनावट के लोग मौजूद हैं. किसी का रंग गहरा होता है, किसी का गोरा. किसी हाइट ज्यादा होती है किसी कम होती है. अब सवाल उठता है कि आखिर ये चीजें डिसाइड कैसे होती हैं. यानी कोई कद में लंबा होगा या छोटा ये शरीर का कौन सा तत्व तय करता है.

पोषण से तय होता है?

लोगों में आम धारणा ये होती है कि किसी के शरीर का लंबाई कैसी और कितनी होगी ये उसको मिले पोषण पर निर्भर करता है. हालांकि, कुछ एक्सपर्ट ऐसा नहीं मानते हैं. दरअसल, शरीर की लंबाई किसकी कितनी बढ़ेगी ये 80 फीसदी निर्भर करती है हमारे डीएनए पर. यानी अगर हमारे पूर्वजों की कद काठी लंबी है तो इसके पूरे चांस हैं कि मौजूदा बच्चों की भी लंबाई ज्यादा हो. वहीं 20 पर्सेंट शरीर की लंबाई बढ़ने या घटने के पीछे कुछ विटामिन्स काम करते हैं.

विटामिन डी का बड़ा रोल?

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की रिपोर्ट के अनुसार, अगर किसी बच्चे के शरीर में विटामिन डी की कमी है तो उसके शरीर के विकास में रुकावट पैदा हो सकती है.

किस तरह की डाइट होनी चाहिए?

एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप अपने बच्चे के शरीर का विकास चाहते हैं तो कोशिश करें कि उसे प्रोटीन और विटामिन्स रिच डाइट मिले. खासतौर से जब बच्चे की उम्र 10 से 18 साल के बीच हो. इस उम्र में बच्चों की ग्रोथ तेजी से होती है. ऐसे में उन्हें इस दौरान अच्छी डाइट की जरूरत होती है. अगर बच्चों को इस दौर में अच्छी डाइट दी जाए तो उनकी लंबाई भी बढ़ सकती है और शरीर भी तंदुरुस्त होगा. हालांकि, कई बार कुछ बीमारियों की वजह से भी शरीर का विकास रुक जाता है, ऐसे में अगर आपके बच्चे का शारीरिक विकास नहीं हो रहा है तो सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करें.

मसाले में मिलाया जा रहा लकड़ी का बुरादा, बिगाड़ सकता है आपकी सेहत?

बाजार में मिलावटी मसालें बिक रहे हैं. इनके इस्तेमाल से कैंसर समेत कई खतरनाक बीमारियां फैल सकती हैं. इन मसालों में लकड़ी का बुरादा, सड़े चावल, बाजरा, केमिकल और एसिड मिलाए जा रहे हैं.

हमारे किचन में मौजूद मसाले एक तरह की औषधी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद माने जाते हैं. आयुर्वेद में इनके कई फायदे गिनाए गए हैं. मसालों से खाना स्वादिष्ट और लाजवाब बनता है. हर मसालों के अपने-अपने फायदे हैं लेकिन आजकल मार्केट में मिलावटी मसाले आ गए हैं. जिनका सेवन खतरनाक हो रहा है. कई कंपनियों में नकली मसाले पकड़े गए हैं. मार्केट में खुले में बिक रहे मसालों में भी मिलावट पाई गई है. जिनसे कई बीमारियां फैल रही हैं. ऐसे में हेल्थ एक्सपर्ट्स सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं. आइए जानते हैं नकली मसाले कैसे बनाए जा रहे हैं और स्वास्थ्य के लिए ये कितने हानिकारक हैं...

हाल ही में दिल्ली पुलिस ने नकली मसाला बनाने वाली कई फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया है. जिनमें 15 टन नकली मसाले पकड़े गए हैं. इन मसालों में लकड़ी का बुरादा, सड़े चावल, बाजरा, केमिकल और एसिड तक मिलाए जा रहे हैं.

ये सभी सेहत को गंभीर तौर पर नुकसान पहुंचा सकते हैं. इन्हें बनाने के लिए हर फैक्ट्री अलग-अलग चीजों और तरीकों का इस्तेमाल कर रही थीं.

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर कोई लगातार इन मिलावटी मसालों का इस्तेमाल करता है तो उसे कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं. इनमें से कई जानलेवा भी हो सकती है. इन मसालों में कई ऐसी चीजों की मिलावट की जाती है जो कैंसर तक का कारण बन सकती हैं, इसलिए सावधानीपूर्वक मसालों को खरीदना और खाना चाहिए.

हेल्थ एक्सपर्ट्स बाजार में बिकने वाले पिसे मसालों से बचने की सलाह देते हैं. उनका कहना है कि ये मसाले भले ही सस्ते मिलते हैं लेकिन मिलावट की वजह से सेहत को गंभीर और खतरनाक तरीके से प्रभावित कर सकते हैं. इन मसालों के इस्तेमाल से किडनी की समस्या, लिवर इंफेक्शन और कब्ज जैसी बीमारियां हो सकती हैं. हमें भले ही लगता है कि घर का हेल्दी खाना खा रहे हैं लेकिन नकली मसालों की वजह से बीमारियां बढ़ने का खतरा रहता है.

बाबा रामदेव से जानें उमस भरे मौसम में किडनी को कैसे रखें हेल्दी?

गर्मी का कहर जारी है इस मौसम में आपको किडनी से जूडी बीमारियाँ हो सकती हैं। ऐसे में अपनी किडनी को सेहतमंद रखने के लिए बाबा रामदेव के इन नुस्खों को आज़माएं।

किडनी को हेल्दी रखने के उपाय

सुस्ती छोड़िए क्योंकि ये सेहत के लिहाज से भी ठीक नहीं है। वो भी तब जब छोटे-छोटे हेल्थ इंवेस्टमेंट में तगड़े रिटर्न की गारंटी हो। अब जैसे एक मिनट की वॉक जीवन के दो मिनट तक बढ़ा सकती है हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप हर दिन टहलते हैं तो नहीं टहलने वालों के मुकाबले 15 से 20 साल ज्यादा जिएंगे, इतना ही नहीं हर दिन 3 किलोमीटर चलते हैं तो हार्ट अटैक का खतरा आधा हो जाएगा और तो और मोटापा भी नहीं बढ़ेगा क्योंकि वॉक करने से कैलोरी बर्न होती है.

लेकिन मौसम इस समय घर से निकलने की इजाजत नहीं दे रहा है सुबह से ही तेज धूप हो जाती है एक्सपर्ट की माने तो ज्यादा पसीना आने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पानी की कमी का सबसे ज्यादा नुकसान किडनी को होता है क्योंकि किडनी का काम ही शरीर से टॉक्सिन निकालना होता है। तेज गर्मी के मौसम में किडनी की वर्क कपैसिटी भी 8 फीसदी घट जाती है लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि हम अपनी फिजिकल एक्टिविटी ही बंद कर दें, वर्कआउट ही ना करें। मतलब ये कि आउटडोर नहीं तो इनडोर एक्टिविटी को बढ़ाकर भी हम सेहत का ख्याल रख सकते हैं।



किडनी बचाएं - आदत बनाएं

वर्कआउट करें

वजन कंट्रोल करें

स्मोकिंग से बचें

खूब पानी पीएं

जंकफूड से बचें

ज्यादा पेनकिलर ना लें

किडनी बचाएं

सुबह नीम के पत्तों का1 चम्मच रस पीएं

शाम को पीपल के पत्तों का 1 चम्मच रस पीएं

पथरी की वजह

पानी कम पीना

ज्यादा नमक-मीठा खाना

ज्यादा नॉन वेज खाना

जेनेटिक फैक्टर्स

किडनी स्टोन में फायदेमंद

खट्टी छाछ

कुलथ की दाल

जौ का आटा

पत्थरचट्टा के पत्ते

स्टोन होगा खत्म -क्या पीएं

भुट्टे के बाल को पानी में उबालें छानकर पीएं

यूटीआई इंफेक्शन होगा दूर

अर्थराइटिस के मरीज इन चीज़ों को अपनी डाइट में करें शामिल

घुटनों के सूजन होना, त्वचा पर लाल दाने होना, जोड़ो में दर्द, अकड़न जैसे लक्षण अर्थराइटिस के होते है। गठिया की समस्या से बुजुर्ग ही नहीं बल्कि कम उम्र के लोग भी तेजी से शिकार हो रहे हैं। कई बार यह दर्द इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि चलना-फिरना तक मश्किल हो जाता है।

गठिया के मरीज करें इन चीजों का सेवन

बथुआ : गठिया के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद है। सर्दी के मौसम में बथुआ आसानी से मिल जाता है। आप इसे पराठा, सब्जी के अलावा जूस के रूप में सेवन कर सकते हैं।

सहजन : गठिया के मरीजों के लिए सहजन काफी फायदेमंद हो सकता है। सहजन की पत्तियों का काढ़ा बनाकर पीने से गठिया में फायदा हो सकता है। इससे जोड़ों के दर्द से राहत मिलती है।

पालक : जोड़ों के दर्द के लिए पालक काफी फायदेमंद होता है। इसमें ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो गठिया के रोग को कम करने में मदद करता है।

हल्दी : हल्दी में करक्यूमिन के साथ एंटी-इंफ्लेमेंट्री गुण पाए जाते हैं जो जोड़ों के दर्द के साथ-साथ सूजन को कम करने में मदद करते हैं।



पीएचई में निजी स्वार्थ को लेकर झूठी शिकायत की - ठेकेदार संघ

राजनांदगांव (दावा)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजनांदगांव में जल जीवन मिशन कार्यों को लेकर कुछ लोगों के द्वारा गलत जानकारी व कार्यों में भ्रष्टाचार व कमीशनबाजी की अफवाह फैलाई जा रही है, जबकि राजनांदगांव पी.एच.ई. ठेकेदार सदस्यों द्वारा खण्ड कार्यालय में उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में कमीशनबाजी व वसूली से साफ इंकार किया गया। ठेकेदार संघ के अध्यक्ष त्रिगुण टॉक व समस्त सदस्यों के द्वारा संभाग स्तर के अधिकारी को स्पष्ट कहा गया कि राजनांदगांव की छवि व विभाग के अधिकारी को जानबूझकर अपने निजी स्वार्थ को लेकर झूठी शिकायत किया जा रहा है। जिसका पी.एच.ई. ठेकेदार संघ राजनांदगांव निंदा करता है।

बैठक में संघ के संरक्षक राकेश जोशी व सदस्यगण निलेश श्रीवास्तव, नितिन भाटी, अतुल अग्रवाल, डेविड वर्मा, तरुण सिंह, अरविन्द शर्मा, सारांश आजमानी, दीपक शर्मा, दुर्गेश शुक्ला, प्रताप इंफ्रास्ट्रक्चर, सुलभ अग्रवाल, विनय बिंदल, संतोष मीणा व समस्त ठेकेदार उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com